खासकर सेंटिड चैनल को हमारे देश की जनता को शिक्षित करने के लिए काम में लिया जाना चाहिए ताकि जो उनकी जरूरतें हैं, जो वह चाहते हैं वह पूरी हो सकें । फंड के बारे में कहा गया है कि प्राइवेट एजेंसीज से ऐड टिजमेंट्स अगर ज्यादा आती है तो कंट्रोल ज्यादा होता है । इसके लिए सरकारी फंडिंग का अरेंजमेंट रहेगा । लेकिन ऐड टिजमेंट्स के बारे में समय की सीमा बांधनी होगी । इसका प्रतिशत बांधना होगा । समय सिर्फ संख्या से नहीं, प्राइम टाइम हम कमर्शियल हाउसेज को नहीं देना चाहते । इसको बैलेंस करना पड़ेगा । ये गाइडलाइंस रूल्स एंड रेगुलेशंस में नहीं करेंगे तो इसका लाभ नहीं होगा । उसमें स्पेसिफिक काम भी बताने चाहिए कि क्या क्या प्रसार भारती नहीं करेगी । जो हमारे डाइरेक्टिव प्रिंसिपल्स हैं, उनको देखते हुए, हमारे देश की जो नीति है, चाहे नॉन-ऐलाइनमेंट मूवमेंट की है, चाहे ऐंटी इंपीरियलिस्ट ट्रेडीशन की है, जो हमारी मूल नीतियां हैं, हमारे प्रिंसिपल्स हैं इनका वायोलेशन न कर सकें, इनकी रूल्स एंड रेगुलेशंस में फ्रेमिंग आपको करनी पड़ेगी । धन्यवाद ।

डा० रत्नाकर पाण्डेय : श्रीमन्, आपने मुझे आदेश दिया था, मैं एक मिनट लूंगा ।....

उपसभाध्यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह) : आप मेरी बात सुनिए । आप इनका भाषण हो जाने दें । इसके बाद मैं तुरन्त आपको समय दूंगा । आप अब बैठ जाइए । इनके भाषण के बाद दे दूंगा .... (व्यवधान)

*SHRI R. GANESAN *alias* MISA 1. GANESAN (Tamil' Nadu): Mr. Vice. Chairman^ Sir, I rise to support the historic Prasar Bharati Bill. I con. gratulate the National Front Government, for its efforts to bring this Bill that proposes to give autonomy to the two powerful electronic media, Television and A. I. R., by creating the Broadcasting Corporation of India. The National Front, in its election manifesto during the last general elections, promised, to the people. that it would grant autonomy to T. V. and A. I. R., if voted to rower. Today the National Front Government has the pride of fulfilling its election promise. This Bill is *v.* landmark in the progress of the country. Here I am reminded of the sincerity and -swift, ness with which the D. M. -K. Government fulfilled its election promises after coming to power in Tamil Nadu. We then said, -'Ws do what we say and say. what we do". We have stood to our promises in Tamil Nadu. So also the National Front Government has fulfilled its election promises and rightly deserves to be congratulated. On this' momentous occasion, I whole heartedly congratulate the Hon'bie Minister shri Upendra for the wonderful job he has done in shaping this Bill. I would say it is an act of rare courage. In the history of India, it is cnly the National Front Government, headed by Shri V. P. Singh, which ■ has had the courage, and magnanimity to bring surh a historic Bill.

Sir, this Bill has not been brought in haste. The government had wide ranging deliberations with various organisations on the aspects of the Bill. There were nation-wide debates et different levls. We must appreciate that the government not only had dialogues with variou$_3$ griups but, agred to incorporate many worthy suggestions in the Bill. Going a step further the Government has also ac.

*English Translation of the original speech delivered in Tamil,

cepted some well intentioned amendments moved by the Members of opposition in the Lok Sabha, That is why we have *s* comprehensive Bill before us. This makes clear the good intentions of' the Government in granting autonomy to the electronic media. A cursary glance. of the Bill would reveal that, the proposed Broadcasting Corporation would be an autonomous body in the real sense.

Television and Radio are very popular and powerful media. Nc government would venture to hand over such powerful organs to an autonomous Corporation. Any government would like to further the interest of its party making use of such media. We all know there was a time when we could see only one face on Tevision whenever we switched on. So the people were scared of putting the T. V. on. The T. V. viewers longed to see some other face for a change. But today the situation has changed. This govern-ment is not interested in using electronic media tor ite publicity. Some Hon'ble Members expressed their ap-prehension about the functioning of the Corporation. It was said that, the Members of the Corporation might function in arbitrary manner and broadcast news items detrimental to the interests of the nation that might create chaos in the society. This has been taken care of by clause 25 of the Bill. I quote:

"The Central Government may, from time to time as and when occasion arises, issue to the Corporation such direction as it may think necessary in the interests of the sov-ereignty, unity, and, integrity of India or the security of the State or preservation of public order requir-, ing it "not to make a broadcast... "

So, the government has powers to advice the Corporation not to broadcast or telecast a news item that might create pubhc disorder or endanger the unity, integrity and sovereignty of the country. The government also has po-were to direct the Corporation to broadcast or telecast a news item, if it : feels that, it. is in public interest. Clause 23 further says,

on a matter specified in the direction or to make a broadcast on an$_{y}$ matter of public importance specified in the direction. "

So, the centre is all powerful when the question of national interest arises. One could ask what the government would do in case of non-compliance of the direcions of the government. There is a provision in this Bill to meet such situation also. Clause 24 says,

"The Central Government may require the Corporation to furnish such information as that Government may consider necessary. "

The Government can ask for such details from the' Corporation as it may deem fit. In a situation wherein the Corporation does not listen to the government, clause 25 will take care. It says,

"Where the Board persistently makes default in complying with
. any directions issued under section 23 or fails to supply the. information require^ under section 24, the Central Government may prepare a' -re-nort thereof and lay it before each House of Parliament for any reco'm-
. mendation thereof as to any action (including supersession Of the Board) which may be taken against the Board. "

' I don't think we need a better provision than this] The Parliament has - been given the power to take any action against the Corporation including supersession. While the Corporation gets autonomy, the centre holds the string to pull the Corporation in case of arbitrary functioning. As such, there should be no cause for worry. Therefore, the Hon'ble Minister and the government deserve our praise for thi$_{s}$ courageous deed. At last, 1 wish ' to make a specific point. I hope the Hon'ble Minister will accept this suggestion. The T. V. and A. I. R. - are generally known as 'Doordarshan

and Akashwani'. We have different languages in different states. So, it would be in the fitness of things to name them in the local language. For example the A. I. R. can be called 'Sennai Vanoli Nilayam' and T. V. 'Sennai Tholaikkatc'hi Nilaaym' in Tamil Nadu. So also in Andhra Pradesh they should be known by their Telugu names. This should he done in all states.

Once again I thank the National Front Goervnment and the Hon'ble Information and Broadcasting Ministry for bringing this Bill. I support the Bill on behalf of D. M. K.

Thank you.

डा० रत्नाकर पाण्डेय : माननीय उप-सभाध्यक्ष महोदय, मैं एक अनिवार्य चीज की ओर ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं और उपेन्द्र जी का ध्यान विशेष रूप से आकर्षित करना चाहता हूं । शनिवार को पटना में आप थे और गवर्नर हाउस में मिडिया की आपने मीटिंग बुलाई थी । वहां वे माननीय मुख्य मंत्री श्री लालू यादव जी ने आपकी उपस्थिति में यह कहा कि ये साले ब्राह्मण, क्षत्रिय ऊंची जाति वाले आकाशवाणी के समाचार विभाग में भरे हुए हैं, ठाकुर, मिश्रा, झा, पाण्डेय का ही समाचार देते हैं । इसको लेकर आकाश-वाणी के कर्मचारियों में बड़ा रोष है और श्री लालू यादव जी ने इस तरह की बात आपकी उपस्थिति में कही, यह अत्यन्त ही घृणित है... **(व्यवधान)**

उपसभाध्यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह) : आप पहले एक बात सुन लें । बात यह है कि श्री लालू यादव जी यहां के सदस्य नहीं हैं।

डा० रत्नाकर पाण्डेय : श्री उपेन्द्र जी वहां उपस्थित थे । उनकी उपस्थिति में उन्होंने यह बात कही ।

उपसभा-यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह) : यह प्रश्न अगर आप उठाना चाहते तो जीरो आवर में रखते, चेयरमैन महोदय से पर मिशन लेते, स्पेशल मेंशन में रखते ।

डा० रत्नाकर पाण्डेय : इसको लेकर वहां बड़ा असंतोष है । मेरे पास पटना से फ़ोन आ चुका है । जातीय संरक्षण के नाम पर इस तरह की बात कही जा रही है और केन्द्रीय मंत्री की उपस्थिति में कहा जा रहा है और बड़ी जातियों को साले से सम्बोधित करके पूरे मिडिया के कर्म-चारियों के ईमान और उनकी कार्य-प्रणाली पर जो शंका की गई है वह बड़ी निन्दनीय है । मैं मंत्री महोदय से यह कहना चाहूंगा कि वे इस तरह की बातों को बंद करवायें । मुख्य मंत्री इस तरह की बात, छोटी जात और बड़ी जात और ठाकुर और ब्राह्मण की उठा रहे हैं.!.. **(व्यवधान)**

T. A. MOHAMMED SAQHY (Tamil Nadu): This is not the iorum where he can talk this.

SHRI P. UPENDRA: It is a fact that the Chief Minister was there when I reviewed the programmes o£ the Patna Station. The State Government also had some problems. The Chief Minister brought to my notice some problems, and my officers replied to those things also. There was no reference to any caste or anything like that or derogatory references. *(Interruptions)*

In fact, if such a thing had happened, 1 would have definitely protested. Nothing of that kind happened. I could convince the Chief Minister. There was no discrimination. All the co-operation of the media that is due to the State Government is given.

That is all that has happened.

डा० रत्नाकर पाण्डेय : स्टेट्समेन में छपा है । इस तरह की बात जरूर कही गई है । इस तरह से गाली देना और जाति का सवाल उठाना उचित नहीं है... **(व्यवधान)**

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SHANKAR DAYAL SINGH): 1 am going to allow anybody now. I have called the name of Shri Ghulam Nabi Azad.

श्री गुलाम नबी आजाद (महाराष्ट्र): माननीय उपसभाध्यक्ष जी, आज हम ऐसे विषय पर चर्चा कर रहे हैं, जो मेरे ख्याल में माडर्न एज का सबसे पावरफुल मीडिया दुनियां में है और जहां तक हमारे देश का संबंध है, पिछले दस वर्षों में इलैक्ट्रोनिक मीडिया ने बहुत जोर पकड़ लिया है या आज हिन्दुस्तान के गांव गांव तक इलेक्ट्रानिक मीडिया की आवाज दूरदर्शन और रेडियो से जाती है । शायद दस साल पहले इस देश में दूरदर्शन इतना महत्वपूर्ण नहीं था जितना कि आज है । जहां तक टेलीविजन और दूरदर्शन की आटोनामी की बात हैं, उसकी स्वायत्तता की बात है, खुद मुख्तारी की बात है, उस के बारे में मैं कहना चाहता हूं कि कांग्रेस भी हमेशा आटानामी की बात करती आई है । हम उसके विरोध में नही हैं । लेकिन अंतर हमारे और रुलिंग पार्टी के सोचने में है । उनका कन्सेप्ट आटानामी का अलग है और हमारा कमेप्ट उसके बिल्कुल उलट है । मंत्री महोदय ने जिक्र किया कि उन्होंने अपने मैनीफैस्टो में आटोनामी की बात रखी थी और इसलिये वे तुरंत पार्लियामेंट के पहले ही सैशन दिसम्बर, 89 में इस बिल को लाये और अब इस दफा उसको पास कराने की कोशिश कर रहे हैं । हम इसके खिलाफ नहीं हैं कि वह मैनीफैस्टो को क्यों इम्पलीमेंट कर रहे हैं । लेकिन हम इस बात के जरुर खिलाफ हैं कि मैनीफेस्टो को इस तरह से बुलडोज न करें । इम्पलीमेंट करने के बहुत सारे तरीके हैं। जिस तरीके से जनता दल के मैनीफेस्टो को पिछले कुछ महीनों से बुलजोज किया जा रहा है, या ठूंसा जा रहा है, पार्लियामेंट के अंदर, उस पर हमको आपत्ति है । जहां तक मंडल कमीशन का सवाल है, उसमें भी हम उनके साथ थे लेकिन उसको भी बगैर सोचे समझे एक सुबह वे उसको यहां सदन के सामने रखा और उसका नतीजा आज हम सब देख रहे हैं ।... **(व्यवधान)**...

TINDIVANAM G. VENKA-TRAMAN (Tamil Nadu): It was there for ten yea*s. It is not allow Of a sodden. You put it in cold storage, *(. interruptions)*

THE VICE-CHAIRMAN (SHUT. SHANKAR DAYAL SINGH): Don't interrupt please. *(Interruption)*

SHRI S. K. T. RAMACHANDARAN: Nowadays, Karunanidhi's grand daughter is screened there on the Door-darshan. It is the way to use it?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SHANKAR DAYAL SINGH): Your party Member is speaking. Kindly don't interrupt him. *(Interruptions)*

SHRI R- GANESHAN alias MIS A R. GANESHAN: Every time you get up, you talk irrelevant things.

SHRi S. K. T. RAMACHANDRAN: Is it a fact or not. Tell me. *(. Interruptions)*.

श्री गुलाम नबी आजाद : इसी तरह से दूरदर्शन और आल इंडिया रेडियो की आटोनामी के हम खिलाफ नहीं हैं लेकिन जो तरीका अपनाया गया है उसके खिलाफ हैं । हमने भी अपने मैनीफेस्टो में, जैसा कि जनता दल ने अपने मैनीफेस्टो में रखीं थी, हमने भी अपने पार्लियामेंट के मैनीफेस्टो में आटोनामी रखी थी । And I quote:

"Radio and television has to serve the purpose of informing the general public especially millions of poor with little or no capacity to read and write of the great events affecting the destiny of the nation end the lives of the people. T_0 this end, the electronic media will continue to be ownefl by the Government. However, with a view to ensure fun-tional autonomy high professionalism and the right of enter, tainment, information, newa and views Akashvani and Toordarshaa will be converted into Corporation. "

S
H
R
I

अन्तर क्या है । अन्तर आपके और हमारे मैनीफेस्टो में यह है कि हम आटोनामी दूरदर्शन के प्रोफेशनल लोगों को देना चाहते थे, दूरदर्शन में जो लोग काम करते हैं, दरदर्शन का डायरेक्टर जनरल हो या ए०आई०आर० का हो, उनके खिलाफ उनके एडीशनल डायरेक्ट

जनरल्स हों, डिप्टी डायरेक्टर्स हों, न्यूज एडीटर्स हों, असिस्टेंट न्यूज एडीटर्स हों, करेस्पांडेंट्स हों या जो हार्डवेयर को चलाते हैं, या साफ्टवेयर प्रोग्राम जो बनाते हैं । हमारा उससे मकसद था । उनको आटोनामी दी जाए । उसमें पोलिटिकल इन्टरफेयरेंस न हो । आपके दूरदर्शन पर आज टीपू सुलतान का सीरियल चल रहा है । उसमें एक राजा है । कोई उस पर हमला करता है तो या तो उनको पैसे का थैला दे देते हैं या स्टेट का हिस्सा ही दे देते हैं कि आप हम पर हमला न करो, यह स्टेट का हिस्सा ले लो । आप नवाब हो जाओ । दूसरी दफा किसी दूसरे ने हमला किया तो कहा आप हम पर हमला न करो, युद्ध न करो दूसरा हिस्सा स्टेट का ले लो । आप उसके राजा बन गये । यही आपने किया है । बजाये यह कि आटोनामी प्रोफेशनल्स को दी जाती, बजाये कि प्रोफेशनल्स की आटोनोमी को आप स्ट्रगमेन करते उसको मजबूत करते आपने जो एस्क्जिस्टिंग आटोनामी थी उसको भी तो खत्म किया ।

This is the simple distinction between the concept of your autonomy and our autonomy. We are not against it. Not at all.

हम समझते हैं कि जिस तरह से आप बिल लाए हैं, जिस तरह से आपने कार्पोरेशन बनाया , जिस तरह से आपने कार्पोरेशन का चेयरमैन बनाया है, जिस तरह से बोर्ड के गवर्नर्स और मेम्बर्स बनाए हैं उस तरह से दूरदर्शन और आकाशवाणी में कोई भी आटोनामी नाम की चीज नहीं रहेगी । हकीकत में आपने ब्यूरोक्रेसी का एक नया फोरम पैदा किया है, क्या ब्यूरोक्रेसी पहले ही कम पावरफल थी । वैसे ही 90 प्रतिशत काम हमारे देश में ब्यूरोक्रेसी के द्वारा ही होता है, 10 परसट जो पहले मिनिस्टर के पास था उसमें भी आपने 5 परसेंट ब्यूरोक्रेसी को और दे दिया । उसके बाद आप क्या करेंगे पता नहीं । क्या तेल बचेंगे पता नहीं क्या करेंगे । मेरी समझ में नहीं आता कि किस तरह की गवर्नमेंट चलाना चाहते हैं ।

श्री संघ प्रिया गौतम (उत्तर प्रदेश) तेल की भी कमी है । वह भी मिल जाए तो ठीक है. . . **(व्यवधान)**

श्री गुलाम नबी आजाद : वह भी नहीं मिलेगा । तो हमारा मकसद था अपने मैनीफेस्टो के द्वारा कि हम प्रोफेशनल्स को मजबूत करेंगे । उसमें पोलिटिकल इन्टरफेयरेंस न हो, न तो मंत्री या अन्य अधिकारी किसी खबर या खुले मंच की एडीटिंग करें और न ही कोई दूसरा उसमें इंटरफेयर करे । न ही किसी के टेलीफोन पर कैमरामैन भेजा जाए और न ही उसका प्रोग्राम किया जाए । यह था हमारी आटानामी का मकसद और हमने वास्तव में पहले देखा है कि जब कभी भी हमने चांस दिया दूरदर्शन और रेडियो के प्रोफेशनल्स को एफिजस्टिंग स्टाफ को काम करने का तो उन्होंने रिकार्ड वक्त में काम दिखाया । मुझे इंदिरा गांधी जी के वक्त में 1983–84 में इस मिनिस्ट्री में काम करने का मौका मिला है और मेरे ख्याल में जो दरदर्शन का विस्तार हुआ, 126 एच०पी०टी ०और एल०पी०टी० यानी हाई पावर्ड ट्रांसमीटर्ज और लो पावर्ड ट्रांसमीटर्ज हमारे इंजीनियर्ज ने एक साल के अर्से में, मेरे ख्याल में पूरे विश्व में, यह रेकार्ड था कि एक साल के अर्से में 126 या 146 ट्रान्समीटर्ज पूरे देश में लगाए ।

4.00 P.M.

जब जब भी हमने उन पर विश्वास किया है, भरोसा किया है उनके काम में दखल नहीं दिया है, उनके काम में इंटरफियर नहीं किया है, तो हमारे एग्जिस्टिंग, चाहे वह टैक्नीकल हो या साफ्टवेयर को ढील करते हों, हमारे प्रोफेशनल दूरदर्शन और रेडियो में, तो उन्होंने अपनी क्षमता दिखाई है और बड़े जोर से दिखाई है ।

लेकिन आज एक ही कलम के स्ट्रोक से उस दूरदर्शन और रेडियो के 28 हजार काम करने वाले लोगों का तबादला किया जा रहा है, रेडियो और दूरदर्शन से एकदम उनको कार्पोरेशन में डम्प किया जा रहा है ।

आखिर रेडियो और दूरदर्शन में कौन जाता है ? कोई साधारण आदमी नहीं जाता है । वही दूरदर्शन और रेडियो में जाता है, जिसको उसमें रुचि होती है । यह प्रोफेशनलस की जगह है जहां हरेक साधारण आदमी नहीं जा सकता और आज उस से इन प्रोफशनल्ज के इंस्टीट्यूशन को जिस तरीके से यह कार्पोरेशन बनाई गई है, उस प्रोफैशनलिज्म को हमेशा के लिए खत्म किया जा रहा है ।

मैं उदाहरण देना चाहता हूं कि आज उसके जो चेयरमैन होंगे, वह बेचारे तो पार्ट टाईम चेयरमैन होंगे, लेकिन उसके बदले में पावर किसके बीच में वेस्ट होगी ? गवर्निंग कमेटी, एक्सीक्यूटिव मेम्बर जो होगा और उसके बाद फाइनेंस का मेम्बर होगा, पर्सोनल का होगा । जिस तरह से आपने उनकी क्वालिफिकेशंस लिखी है अपने बिल में, मुझे सौ फीसद यकीन है कि उसमें तमाम रिटायर्ड आफिसर नौकरी पर दुबारा लग जायगे, चाहे वह एक्सीक्यूटिव की पोस्ट हो, चाहे वह फाइनेंस की हो, चाहे पर्सोनल की हो, क्योंकि क्वालिफिकेशन आपने वही मेंशन की है । उसमें किसी प्रोफेशनल आदमी के पास तो यह तमाम क्वालिफिकेशन नहीं होंगे । प्रोफेशनल तो शायद साफ्टवेयर के बारे में या हार्डवेयर के बारे में जानेगा । वह पर्सोनल और फाइनेंस के बारे में शायद नहीं जान सकता ।

रिटायर्ड सेक्रट्रीज या आफिसर्ज को डम्प करने की एक नई जगह इस कार्पोरेशन के मध्यम से बनाई जा रही है, ताकि वह रिटायर होने के बाद, 58 साल के बाद और 62 साल तक चले जाय और यह सिलसिला चलता ही रहे ।

कहां 58 साल के बाद या 60 साल या 62 साल में उनको कौनसी रुचि होगी ? वह यही होगी कि नौकरी पक्की हो गई, काम अपना हो गया, बाकी चाहे रेडियो और दूरदर्शन भाड़ में जाएं ।

मैं माननीय मंत्री जी से यह कहना चाहता हूं कि आप जिस तरह से यह ब्यूरोक्रेटिक सेट अप बनाना चाहते हैं, अफसरशाही का एक और नया मंच खोलना चाहते हैं, इससे अटोनमी नहीं होगी, बल्कि हमारे दूरदर्शन और ए०आई०आर० में जो भी स्टाफ, जितने भी काम करने वाले हैं, वह सब से ज्यादा डीमारेलाईज हो जायगे और उनकी जो काम करने की क्षमता है, वह बिलकुल खत्म हो जाएगी । उनका जो इंटलैक्ट था, उनकी जो काम करने की रुचि थी, वह भी खत्म हो जाएगी, क्योंकि इसके बाद एक फुलस्टाप है । दूरदर्शन और रेडियो में जो काम करने थे, उनका इनिशिएटिव कम हो जाएगा । डिप्टी डाइरेक्टर, जाइंट डाइरेक्टर बनता था, डाइरेक्टर-जनरल बनता था, लेकिन अब तो चेयरमन बाहर से आएगा । अभी गवर्निंग कौंसिल के मेम्बर्ज बाहर से आयग, बाकी लोग आयग । डाइरेक्टर-जनरल, दूरदर्शन और रेडियो के-- They will be just ex-officio Members of the Board .... अंधों में काना राजा । उनका तो कोई अर्थ ही नहीं रहेगा और मुझ मालम है कि-- जब मैं उस मिनिस्ट्री में था, एक आध दफा जब डाइरेक्टर-जनरल आई०ए०एस० आफिसर्ज को लगाया गया था, तो मुझे मालम है कि कितना रिजटमेंट पूरे आकाशवाणी और दूरदर्शन में था ।

वह नहीं चाहते थे कि कोई भी सेक्रेटरी लेवल या आई०ए०एस० रैंक आफिसर डाइरेक्टर-जनरल बने, क्योंकि कोई भी आई०ए०एस० आफिसर जब बाहर से आकर डायरेक्टर जनरल बनता है तो वह उसकी प्रोफैशनल चीजें या उनकी जो समस्याएं हैं, उनकी जो मुश्किलात हैं, उनको नहीं समझता । उस वक्त जब उनको एक आइ० ए० एस० को डायरेक्टर जनरल बनाने पर इतना दुख होता था, इतना गुस्सा होता था और अब जबकि आप कार्पोरेशन में तमाम ऊपर के लोग, चेयरमैन से लेकर बकी मैम्बर तक सब बाहर के लाएंगे तो आप उससे अंदाजा लगा सकते हैं कि जो हमारे रेडियो और दूरदर्शन के जो प्रोफशनल

लोग है, और जो उसमें काम करते होंगे उनके बीच में कितना गुस्सा होगा? आप उनकी सरकारी नौकरियों का दुरुपयोग और नाजायज फायदा उठाते हैं। अगर यही चीज किसी कालिज के या यूनिवर्सिटी के लड़कों पर थोपी गई होती तो उन्होंने अभी तक बसों में आग लगाई होती, बिल्डिंगों में आग लगाई होती। लेकिन आज 28 हजार कर्मचारियों के ऊपर जिस तरह से आप अन्याय कर रहे हैं इस बिल के द्वारा जिस तरह उनके सिर पर आप ठोस रहे हैं बाहर से कुछ लोगों को, वे चूंकि बेचारे मुलजिम हैं, गवर्नमेंट एम्पलाईज हैं, वे शोर नहीं कर सकते, वे आग नहीं लगा सकते, वे नारे नहीं लगा सकते, इसलिए उनकी मजबूरी का लाभ उठा कर आप यह कार्पोरेशन को आगे बढ़ा रहे हैं। मैं मंत्री जी से पूछना चाहूंगा कि ऐसे हालात में जहां कार्पोरेशन सर्वे-सर्वा हो वहां इस सदन के चुने हुए व्यक्तियों की आवाज का क्या होगा? जो 80 करोड़ जनता के लोग इस सदन में और उस सदन में चुन कर भेजे हैं वे अपनी आवाज कहां उठायेंगे? आज सवाल के दौरान, प्रश्नकाल के दौरान, जीरो आवर के दौरान, कई ऐसी चीजें हैं जो हम अपने इन्फर्मेशन एंड ब्राडकास्टिंग मिनिस्टर से अपने सवाल पूछ सकते हैं, लेकिन उसके बाद हम कहां जायेंगे? मिनिस्टर तो होगा, मंत्री जी अगर मैं कल, कार्पोरेशन अटोनोमस होने के बाद, आपसे पूछूंगा तो आप कहेंगे कि यह अब अटोनोमस है, चेयरमैन से पूछ कर बताऊंगा। कल मैं दोबारा आपको याद दिलाऊंगा तो कहेंगे चेयरमैन एग्जीक्यूटिव मैम्बर्स से पूछेगा और कहीं कभी हमारे सवाल का जवाब नहीं आएगा, मैं समझता हूं कि यह एलेक्टेड रिप्रेजेंटेटिव्ज के प्रति सब से बड़ा अपमान है और यह न सिर्फ इस सदन के इलेक्टेड रिप्रेजेंटिव्ज का ही अपमान है बल्कि देश की 80 करोड़ जनता का अपमान है, जो हमें इस सदन में या उस सदन में अपनी आवाज उठाने के लिए भेजती है और अपनी आवाज हमारे द्वारा आपके पास पहुंचाने के लिए और उसका समाधान करने के लिए भेजती है। मंत्री जी से मैं यह पूछना चाहता हूं कि इस कार्पोरेशन के बाद इन्फर्मेशन एंड ब्राडकास्टिंग के मंत्री का क्या अर्थ रहेगा? मैं नहीं समझता कि उसके बाद उसका कोई अर्थ रहेगा। मेरे ख्याल में तो यह अपनी नाकाबलियत की निशानी इस सरकार को है। मैं मंत्री जी को व्यक्तिगत नहीं कहता हूं क्योंकि यह आपकी कैबिनेट का फैसला है और पार्टी का फैसला है, इसलिए मैं आपको व्यक्तिगत नहीं बताता हूं। मैं बताता हूं कि यह इस सरकार की इनकैपेसिटी है और इनकैपेबिलिटी है क्योंकि वह जो कार्पोरेशन्ज बनाने का बीज था, उस थीम से हट कर आप और कहीं पहुंच गये और आपने यह सोचा कि हम इस झंझट में पड़े ही नहीं। कौन रोज रोज खुले मंच जैसे सवालों का जवाब देगा इसलिए आपने सोचा कार्पोरेशन बना कर ठोस दो और जब भी जनता की तरफ से सवाल आएगा बता दो कार्पोरेशन आटोनोमस है, हम क्या करें। इसलिए यह एस्केपिज्म है। Tais ii escapism यह कोई उसका समाधान आपने नहीं निकाला, कोई रास्ता नहीं निकाला, बल्कि अपने आपको बचाने के लिए एक रास्ता बनाया है ताकि हम विरोधी दल या बाकी लोग आवाज उठाएं तो उसको कहेंगे कि अटोनोमस है। लेकिन चोरी करने के लिए आपने खिड़की रखी है इसमें एक ऐसी खुफिया खिड़की रखी है जहां पिछले दरवाजे से, पिछली खिड़की से आप चोरी बराबर कर सकते हैं।..... (व्यवधान) आपने इसमें कहा है, सिसलेनियस में आपने कहा कि जब नेशनल इन्टरेस्ट की बात हो तो गवर्नमेंट डाइरेक्शन दे सकती है। मैं उसमें आपसे सहमत हूं। जहां तक नेशनल इंटरेस्ट का संबंध है, गवर्नमेंट को डायरेक्शन देनी चाहिए।

लेकिन आपने जो चोर दरवाजा रखा है अपनी पार्टी और अपनी पार्टी को प्रोजेक्ट करने के लिए, जिस चीज के लिए आप हमारा विरोध कर इलेक्शन में जीत गए, उसी को आप अपना रहे हैं। उस दरवाजे को आपने खुला रखा है और आपने कहा कि

"to make a broadcast on any matter of public importance specified in the direction."

वह डायरेक्शन तो आपने ही स्पेसिफाइड करनी है । लेकिन हमें क्या मालूम कि आप क्या डायरेक्शन स्पैसिफायड करेंगे, कैबिनेट क्या कहेगी कि रोज जनता दल को, बी०जे०पी० और सी०पी०एम० को टी०वी० पर दिखाओ और कांग्रेस का नाम भी न लो। तो हम क्या करेंगे ? आपने ग्रे एरियाज ऐसे रखे हैं, चोर दरवाजे ऐसे रखे हैं, चोरी करने के लिए और लोगों को (समय की घंटी) दिखाने के लिए कि हम ने ऑटोनोमस मंच बना दिया है।

जहां तक मंत्री महोदय, यह 11 मेंबर काउंसिल है, यह एडवायजरी काउंसिल नहीं है बल्कि एक तमाशा है । इस तमाशे की यह हद है और इस में क्या लिखा गया है, मैं मंत्री महोदय का ध्यान आकृष्ट करना हूं कि, अगर कोई व्यक्ति या बहुत सारे ग्रुप मिलकर या मेंबर पार्लियामेंट, अगर उनको कोई शिकायत हो किसी प्रोग्राम में या कार्पोरेशन की वर्किंग के बारे में अगर उन को शिकायत हो तो ये शिकायत काउंसिल के मेंबर्स के सामने रख सकते हैं । दूसरे अगर शिकायत या शिकायत का कोई भी हिस्सा ठीक पाया गया तो काउंसिल इस शिकायत को एग्जेक्यूटिव मैम्बर के पास भेजेगी एक्शन लेने के लिए । तीसरा पार्ट, अगर एग्जीक्यूटिव मैम्बर काउंसिल की इस सिफारिश को नामंजूर करे तो काउंसिल की इस सिफारिश को बोर्ड ऑफ गवर्नर के सामने रखा जाएगा ताकि निर्णय लिया जाय । तो तीन स्टेप्स तो हो गए, चौथा स्टेप क्लायमैक्स है । अगर बोर्ड ऑफ गवर्नर्स भी काउंसिल की इस सिफारिश को मंजूर न करे तो बोड इन सिफारिशात को, इन रिकमंडेशंस को नामंजूर करने की वजह रिकार्ड करे और इसकी इत्तला काउंसिल को दी जाय । इस पर मुझे शेर याद आ गया—

"आपको चाहिए एक उम्र असर होने तक,
कौन जीता है तेरी जुल्फ के सर होने तक।"

मंत्री महोदय, यह जो चार स्टेप्स आपने शिकायत को सुनने के लिए लगाए हैं, तो अगर हमें अभी कोई शिकायत है तो हम यहां सुबह बोलते हैं और दोपहर तक आप स्टेटमेंट देते हैं कि एवरी थिंग इज सेट राइट लेकिन यहां तो आपने इतना बड़ा पैराफरनेलिया बनाया, इतना बड़ा रास्ता बनाया कि जिसमें अलबर बादशाह के पास पहुंचने के लिए भी इतने रास्ते पार नहीं करने-पड़ते थे जितने यहां करने होंगे । फिर नतीजा क्या होगा कि जब तक इसका निर्णय लिया जाएगा, आखिर में चौथे स्टेप में, तब तक शिकायत करने वाला भगवान को प्यारा हो गया होगा और निर्णय लेने वाला रिटायर हो गया होगा । तो फिर दोबारा से शुरू करना पड़ेगा । मेरी समझ में नहीं आता कि यह किस तरह का तमाशा आपने पैदा किया है ?

इसी तरह से आपने पार्लियामेंटरी कमेटी का जिक्र किया है । मंत्री महोदय, आप भी पार्लियामेंटरी अफेयर्स में हैं और मैं भी रहा हूं और आप भी कंसल्टेटिव कमेटी में रहे हैं और मैं भी रहा हूं । हम क्या करते हैं और आप क्या करते थे सब मिलकर और इसमें एम०पी० की बात कितनी सुनी जाती हैं और रिकमंडेशन मंजूर होती हैं, वह हम सब को मालूम है । तो क्यों हम लोगों को बेवकूफ बनाते हैं ?

श्री संजय प्रिय गौतम : चोर-चोर मौसेरे भाई ।

श्री गुलाम नबी आजाद : कजिन तो आप भी हैं । तो पार्लियामेंटरी कमेटी से कोई समाधान नहीं होना है, कोई हल नहीं होता है । वहां जाकर बैठ जाओ, चाय आ जाएगी अगर सुबह का वक्त होगा उसके बाद, मंत्री जी पहले और अब कारपोरेशन के चेयरमेन खाना खिलाएंगे कि अगली मीटिंग दो महीने बाद होगी यानी नशिस्तंद-व-गुफ्तंद-खुर्दन-व-बर्खास्तंद ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, जहां तक हमारे देश का सवाल है, बहुत सारी भाषाएं हैं, बहुत सारे मजहब हैं, कल्चर मुफलिफ है। ऐसे में मैं आपसे अनुरोध करूंगा कि रीजनल कौंसिल का भी कुछ सिस्टम हो ताकि वह अपने-अपने जो रीजन हैं, उनके बारे में कुछ प्रोग्राम बना सके और वहां के लोगों को ऐसा कुछ महसूस न हो कि दिल्ली के एअर-कंडीशण्ड में कारपोरेशन ने जो फैसला किया है, वही हिंदुस्तान के कोने-कोने में लागू किया जा रहा है। जसा अभी रेडियो और दरदर्शन के बारे में पाण्डेय जी ने बताया कि हमारे इस देश में हर चीज में कास्टिज्म, कम्युनलिज्म, रिजनलिज्म आ जाती है। अब आप कारपोरेशन तो बनाने से रुकने वाले नहीं हैं, चाहे जितना हम विरोध करें, तो जो भी आपने बनाया है चाहे 28,000 दूरदर्शन और रेडियो के वर्कर्स का गला घोंटकर बनाया है, लेकिन इसमें इस तरह का प्रावधान जरूर रख कि इसको ऐसी नेशनल पिक्चर दें, जिस पर सबको विश्वास हो, सब रीजन, सब रिलीजियन, सब कास्टस, सब लेंगवेज को विश्वास हो। ऐसा न हो कि हिंदी को खबरें आई अंग्रेजी को नहीं आई, अंग्रजी की आई तो उर्दू की नहीं आई, तमिल की आई और तेलग को नहीं आई। इसका भी आपको इसको बनाते वक्त खयाल करना होगा।

मैं अपसे यही गुजारिश करूंगा कि आप बड़ों की कुछ बातें सुनकर, यह तो एल्डर हाऊस है, मैं अपनी बात नहीं करता हूं, मैं उम्र में छोटा हूं, लेकिन हाऊस आफ एल्डर्स का कहना हैं, कि अभी भी आप इस बिल को वापस ले लें और हमारा जो कंसेप्ट है, कांग्रेस का जो कंसेप्ट है, तजुर्बे से हमेशा आपको लाभ उठाना चाहिए, आप तजुर्बे का लाभ नहीं उठाते, जो हमारा कंसेप्ट है कि इसको आप प्रोफेशनल ऑटोनोमी दीजिए, ब्यरोक्रेटिक सेट अप तैयार मत कीजिए, इसको आप इंपलीमेंट करें। आखिर में, मैं आपसे फिर भी अनुरोध करता हूं कि आप इसको वापस लेकर हमारे कंसेप्ट को इंपलीमेंट करें। धन्यवाद।

THE MINISTER OF STEEL AND MINES WITH ADDITIONAL CHARGE OF THE MINISTRY OF LAW AND JUSTICE (SHRI DINESH GOSWAMI): The concept expressed in the other House is the greatest concept.

श्री गुलाम नबी आजाद: मैंने कहा बड़ों की बात मानी कीजिए, एल्डर्स की। ...(व्यवधान)...

श्री पी० उपेन्द्र: उनके भाषण में गुलामी को ज्यादा महत्व दिया है, आजादी को नहीं दिया।

श्री विठ्ठलराव माधवराव जाधव: आजादी और अनुशासन दोनों को महत्व दिया है।

DR. YELAMANCHILI SIVAJI (Andhra Pradesh): About fourteen months back TV receiving set owner at Vijavada brought his TV set to a repair shop with the complaint that whether (on) or (off), the TV set was always showing only one face and that was Rajiv Gandhi's. The TV mechanic said there was nothing ■ wrong with the receiving set; the fault lay with the relay station or the telecast itself. Under these circumstances I am very glad that Mr. P. Upendra brought and piloted the Bill sucessful-ly in the other House and had it passed unanimously. The elder statesmen of the other House and the oldest and the longest staying Member of the other House, and everyone, complimented the Minister for hig success in * getting the Bill unanimously passed in the other House. Not only the elder statesmen every Member, including the opposite Benches, complimented the Minister.

We know that the overage of Radio nowadays exceeds 97 per cent of the population and that of the TV exceeds 75 per cent of the population with more than 500 transmitting sta-

tions of Doordarshan and All India Radio. The reach of the radio is to such an extent that it can penetrate any area including the border areas and the remote corners of the country where the newspapers can reach only after a week or so. There are hourly despatches of news on the radio so much so that in the hour of crisis, just as the Chinese aggression in 1962 or the Indo-Pak conflict in 1971, the people could know the happenings and during those days it was the only media that could reach the people directly in no time. But, unfortunately, in spite of the huge coverage by the network of the Radio and Doordarshan, sufficient thought was not given to relieving these media from the schackles of the Government.

During the days of our freedom struggle, because Radio was owned by the colonial regime, only a little coverage was given to the national leaders who took part in the freedom struggle and their news was nlot broadcast in those days. Always AH India Radio acted as the British propaganda machinery and the work and the performance of the national leaders was played down during those "ays. A'fter 1947, when we got Independence, not much thought was given and Jawaharlal Nehru was on record on the floor of this House as having said that he would see that the AIR was converted into a public undertaking at a later stage. So, always a low priority was given to the credibility of AIR. After the 1962 Chinese aggression, it gained importance and that importance was recognised by the then rulers and so, a Committee was appointed with Mr. Chanda as the. Chairman and Ms. Mehra Masani as Secretary to go into the details and recommend such measures for liberating these two organs, [5] AIR and Doordarshan, from the shackles of the Government. That Committee recommended two autonomous bodies for AIR and Doordarshan separately. Unfortunately, none of those suggestions were implemented.

However, a code was framed for the AIR in 1970 and for the Doordarshan in 1976. But what happened during the days of the Emergency we all know pretty well. Emergency was declared and many people, including small people like me, were put in jail and 'for 19 months we were in jail in Rajamundry. During those days, All India Radio used to claim in its broadcast that the prices were coming down. We were given four or five rupees per day for our daily needs inside the prison. There was a warder in the prison who used to bring provisions from the provision shop outside the prison. He always quoted higher prices for these provisions, about three rupees or three-and-a-half rupees for a Kg. of rice and other such provisions. We used to ask him: "What is wrong with you? You are quoting such high figures whereas the Radio is claiming that the prices have come down and they are very low?" Then, one day, when we asked the same question, he replied: "I asked the shopkeeper saying that the detenus in our prison are saying that while the ATR is claiming that prices have come down, the prices quoted by you are high. Then he told me to go to Am in that case and ask them to supply those provisions at those rates. " This was the situation then.

Then, during the days of our conflict with Pakistan, Pakistan Radio was known as Jhutastan and AIR also, during the days of the Emergency, was known as such in Haryana and other border States of this country. It was because AIR was made to do the propaganda work for the ruling party and its leaders then. Sir, the All India Radio code approved by the Cabinet during 1967 and amended in 1970 was completely given a go-bye as soon as Emergency was declared, and national leaders bke Shri Jayaprakash Narayan, SMi I Morarji Desai as well as Chaudhuxi | Charan Singh were denigrated day

in and day out'through the media o'f All India Radio as well as Door-darshan.

Sir, we know that Shri Jayaprakash Narayan was called a fifth columnist and Shri Minoo Masani was called a fifth columinist.

Sir, we know what happened? On the 5th February 1977 at 7. 30 p. m. a message reached Doordarshan Kendra to announce on the consecutive day, on 6th February 1977 at 5 p. m. that instead of the film 'Waqt' film 'Bobby' would be telecast. The mes sage reached Doordarshan Kendra and they are in panic because the film was not available. So the Director rang Up to his counterpart at Bom bay to procure a copy of the film. The producer refused and said that that film was not available with him. So he was spending a very tough time.. At 11 o'clock in the night, the TV Centre, Bombay, rang up to say that they had got in touch with the Manager of R. K. Flms, producers of the film, who informed him that there was no print available in Bombay. So the poor fellow, the Doordarshan Director was panicky. He did not know what to do. Then at last on the 6th February in the afternoon somehow he could procure a copy of the film from the local distributors. Do you know, Sir, that it was intend ed only to thwart the audience not to go to listen to Shri Jayaprakash Narayan? At that time a rally was held here at the Beat Club to be addressed by Shri Jayaprakash Nara yan and Chaudhuri Charan Singh on that day. *(Time bell rings)* So to thwart them the change of film took place Instead of 'Waqt', film 'Bobby' was shown on that day. And the people were instructed in Doordarshan Kendra to destroy the film *Waqt' and they could take shelter and alibi that since the film is destroyed they are screening 'Bobby' in stead *dt* that. Now, these were the tactics practised by Mrs. Gandhi when she was the Prime Minister here. Likewise the mass media was misused day and night during the Emergency and after the Emergency also.

When the Janata Government came into power a committee was appointed, headed by Shri B. G. Verghese, to suggest ways and means to free the elecronic media from the shackles of the Government. According to the recommendations of that Committee a Bill was also prepared. But unfortunately because the Janata Government went out of power the Bill could not be enacted into law. *(Time bell rings).*

Later when Mrs, Gandhi staged a come-back, again a committee was appointed, headed by Shri P. C. Joshi. But, unfortunately, that report was kept under the carpet and the people, sycophants and others that are prone to power always, destroyed the electronic media to a large extent.

I am happy that at least now a Bill is ready and I hope that the Bill will be passed here unanimously, without any obstacle whatsoever.

Sir, in this, among the governors, specially it was mentioned that there was a governor in charge of finances. But, unfortunately, there was no mention of a person concerned about the programmes specifically. So I would like to suggest that a person may be entrusted specifically among the governors to look after the programmes. The word 'autonomy' does not figure in the whole Bill, throughout the Bill. The present Government headed by Mr. V. P. Singh is good. But if any draconian Government comes into power in future, they may not be given an opportunity to get away with it and to resort to their original methods, as they did during 1975. So, sufficient foolproof measures should be incorporated in the Bill and the proposed autonomous corporation should not be another public sector unit. It does not matter much if the power or authority shifts from Shastri Bhavan to Mandi House or

to Akashvani Bhavan. There must be pome strulcitunal and functional changes in the working of All India Radio as well as Doordarshan. It is mentioned that there should be one representative in the Board from the Union Ministry of Information and Broadcasting. This umbilical cord may be removed. There is always a Joint Secretary or an Under Secretary from the Ministry of Finance sitting on the Board o'f Management of the nationalised banks. This umbilical cord should not be there. *(Time bell rings)* In Clause 4, it gives dispersive qualities and ignores specialised skills as far as eminence in public life i_s concerned. So, this vague clause may also be worded in more expressive terms.

It is provided in Clauses 17 and 18 that the Doordarshan and AIR should necessarily depend on the Government of India for funds. Sufficient funds should be earmarked. If at all the funds are to be given by the Government, to maintain the autonomy of Doordarshan and All India Radio, funds should be given from the Consolidated Fund of India. They should not be at the mercy of the Government.

The. Vice-Chairman (Shri M. A. Baby) in the Chair.

Sir, with these remarks, I congratulate the Minister for this bold decision and historic steps.

SHRI KHYOMO LOTHA (Naga-land): I want your permission for one minute. Let me draw the attention of the Government to one thing. The meeting of the North-East Council was held in Guwahatti and 7 Chief Ministers attended it. But unfortunately Doordarshan has telecast only the Central Ministers and one Chief Minister for split second. All the remaining six Chief Ministers were blacked out. This is taken as discrimination, by the people of the North-Eastern States and they are feeling very bad. I think this is very unfortunate. Now that autonomy has been given to Doordarshan, I hope they will take care of this and no discrimination will be shown i_n telecasts. Otherwise the North-East will als_0 boycot viewing T. V.

SHRI V. NARAYANASAMY: While Dr. Shivaji was speaking, the Minister from his own party was not present.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. A. BABY): The representative of the Government are here. Mrs. Veena Verma.

SHRI JAGDISH PRASAD MA-THUR: Have you changed the order? I was coming immediately after Dr. Sivaji. Please see the list.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. A. BABY): Please don't obstruct. I am going by the list.

SHRI JAGDISH PRASAD MA-THUR): I am not obstructing. I was told by the Chairman that I was to speak immediately after Dr. Sivaji. It does not matter if Madam speaks first.

(Interruptions)

श्रीमती वीणा वर्मा (मध्य प्रदेश) : माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, राष्ट्रीय मोर्चा सरकार ने प्रसार भारती विधेयक के रूप में जो राष्ट्र को भेंट दी है, उसकी ऐतिहासिकता पर खुशी से उछलने को देश फिलहाल तैयार नहीं। बल्कि यह ऐतिहासिक छलांग अब भी संदेह के घेरे में है। संशोधनों पर टिकी यह स्वायत्तता सही अर्थों में इन माध्यमों को कहां तक आज़ादी दे पाएगी, यह संदेहास्पद है। इसीलिए स्वायत्तता का सबसे पहले सपना देखने और दिखाने वाले आदि शिल्पी बी०जी० वर्गीस प्रसार भारती बिल के ढांचे को लेकर विचलित हैं। उन्हें उम्मीद नहीं है कि यह ढांचा भारतीय जनता को खुली हवा और सच्ची विश्वसनीयता का झोंका उपलब्ध

करा सकेगा। इन्हीं सब बिन्दुओं को ध्यान में रखकर कहा जा सकता है कि प्रसार भारती बिल में बहुत सी खामियां हैं।

मीडिया में स्वायत्तता की मांग दरअसल उसकी विश्वसनीयता और समाज में उसकी भूमिका से जुड़ी है। दरअसल स्वायत्तता एक जीवन मूल्य है। एक सांस्कृतिक वातावरण है, सिर्फ एक कानून मात्र नहीं, जिसे राजसत्ताएं दिया करती हैं। इसे दैनिक जीवन में अर्जित किया जाता है। मुझे खेद है कि इस प्रसार भारती विधेयक में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को स्वायत्तता देने का वादा किया गया है। परन्तु अनुभव बताता है कि देने वाला दाता कृपापूर्वक यदि स्वायत्तता देता है तो वह मूलतः अपनी परिभाषा और नियमों के साथ देता है जिनमें वे रास्ते खुले रहते हैं जिनसे हो कर वह छीन भी सकता है। मौजूदा ढांचे में सबसे बड़ी कमी भीतरी स्वायत्तता यानी कामकाज के स्तर पर स्वायत्तता का पूरी तरह अभाव है। कांग्रेस पार्टी की सरकार ने भी संवैधानिक स्वायत्तता के स्थान पर कामकाज के स्तर पर स्वायत्तता देने का वादा किया था। बिल में ऊपरी तौर पर संवैधानिक और नौकरशाही के स्तर पर स्वायत्तता तो दी गई है, पर आकाशवाणी और दूरदर्शन की कार्यप्रणाली तथा आंतरिक नीति निर्धारण को किसी स्तर पर छूट नहीं दी गई है। इससे इसकी पूरी प्रक्रिया बाधित होगी और स्वायत्तता का वह लाभ नहीं मिल सकेगा, जिसकी जरूरत थी। संवैधानिक स्वायत्तता से यह माध्यम एक बार फिर नौकरशाहों के हाथों की कठपुतली बनेगा और इन माध्यमों की विश्वसनीयता का पहले की तरह दिवाला पिट जाएगा। आंतरिक स्वायत्तता न मिलने का दृश्य ही है कि रेडियो दरदर्शन के पिछले पांच सालों में भारतीय जनता के बीच जबरदस्त विस्तार के बावजद इसके कार्यक्रमों में खुलापन नही आ सका और आज भी कई कार्यक्रम सेंसरशिप विवादों के घेरे जिनमें "खुलामंच आज कल के शिकार हैं । समाचार तो आज तक विश्वसनीयता अर्जित ही नहीं कर सके हैं।

इस समय मंडल आयोग के विरुद्ध हिन्दुस्तान की युवा शक्ति में आक्रोश है पर भारतीय दूरदर्शन उनकी कोई तस्वीर नहीं दिखाता। वह प्रधान मंत्री के बाढ़ के दौरे और शिष्टमंडल के मिलन दृश्य दिखाने और समाचार सुनाने में व्यस्त है।.....

SHRi V. NARAYANASAMY: Mr. Vice-Chairman, Sir, the Ministers are not taking care of the speech. They are not hearing. They are chitchatting.

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI JAGDEEP DHANKAR): No, no. I am totally attentive.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. A. BABY): The Minister assures that he is totally attentive.

SHRI V. NARAYANASAMY: I am very sorry, this is not the way. The Deputy Minister is sitting there chitchatting when a Member is speaking.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. A. BABY): I think, the Minister will take note of your complaint. Now, please go ahead.

श्रीमती वीणा वर्मा: इससे अधिक खुलापन तो कांग्रेस सरकार के समय ही था । जहां "जनवाणी" जैसे कार्यक्रम सीधे जनता की अदालत में मंत्रियों को घसीटते एह प्रसारित होते थे। उन पर कोई सेंसरशिप नही था । कांग्रेस शासन से शुरू हुई 'खुलापन' नीति ऐतिहासिक स्वायत्तता के उपहार के बावजूद दहबे जकड़न में है । अभी कुछ दिन पूर्व प्रसारित फोकस में राष्ट्रीय महिला आयोग पर बहस में विपक्षी कांग्रेस पार्टी की किसी महिला को न बुलाना, 'खुलापन' का उदाहरण तो नहीं पेश करता।

पूरे प्रसार भारती बिल का जो अंतिम रूप उभर कर सामने आया है वह निश्चित ही काफी जटिल और भारी भरकम है । फटाफट निर्णय और दनादन काम वाले आज के इस जेट युग में इस परिकल्पना को इतना जटिल बनाने की क्या आवश्यकता थी ? इसे आसान बनाया जा सकता था । इसका पूरा तंत्र ही छलांग लगाने जैसा है । इसमें इलेक्ट्रोनिक माध्यमों का एक अंदरूनी प्रशासन है जिसमें पहले 15 लोगों का प्रसार भारती बोर्ड है, एक अध्यक्ष है, सदस्यों की प्रसारण परिषद् है, 22 लोगों की संसदीय समिति है जो प्रसारण माध्यमों पर निगरानी रखेगी । इस संख्या के तहत काम करने वाले कर्मचारियों और प्रोग्राम आर्टिस्टों को राजनेताओं से लेकर नौकरशाहों के बीच लटकते रहना होगा । यह पूरी प्रक्रिया इन माध्यमों की कार्य प्रणाली को प्रभावित करेगी । स्वायत्तता का अर्थ है स्व-शासन का अधिकार । आकाशवाणी, दूरदर्शन में 28 हजार लोग काम करते हैं उनके लिए कार्यकुशलता कैसे बढ़ाई जा सकेगी इस बारे में एक शब्द भी नही कहा गया ।

प्रसार भारती निगम के निदेशक मंडल की जवाबदेही सुप्रीम कोर्ट की बजाय संसद के प्रति उत्तरदायी ठहराई गयी है । ऐसे में प्रसार भारती का नीति नियंता होने के कारण सत्ता चलाने वाली सरकार का विशेष परिस्थितियों में उच्छृंखल होने का खतरा स्वाभाविक है । यदि न्यायालय का हस्तक्षेप रहता तो फिर भी बेहतर होता । प्रस्ताव या निर्णय स्पष्ट बहुमत के आधार पर नहीं, संसद के कम से कम दो तिहाई बहुमत के आधार पर जुड़ने का प्रावधान बिल में होना चाहिए । इसके अधिकारों का निरंकुश इस्तेमाल संभव नहीं होगा ।

अध्याय 2 के धारा 3 के 5 "फ" के अनुसार एक प्रतिनिधि इंजीनियरों का और दूसरे कर्मचारियों का लिया जाना है इससे दिक्कतें बढ़ेंगी । इंजीनियर कहते हुए यह स्पष्ट नही है कि क्या पूरे तकनीकी स्टाफ को इस श्रेणी में शामिल किया जायेगा या कुछ को । यहां प्रबन्ध में श्रमिकों की भागीदारी की बात करके सरकार द्वारा यह सुविधा दी गई है लेकिन यह ध्यान देने की बात है कि है कि प्रसार भारती का निदेशक मंडल प्रबन्धक नही है । वह तो मात्र नीति नियंता है । ऐसे में इस भागीदारी का कोई प्रश्न नहीं । इतना ही नहीं रेडियो-दुरदर्शन के 26 हजार से ज्यादा कर्मचारियों के भीतर भी निदेशक के चुनाव को लेकर पहले से फैली राजनीति की जड़ें और गहरी होंगी तथा आंतरिक कलह बढ़ेगी जिसका असर प्रतिष्ठान की कार्यप्रणाली पर पड़ेगा और यह आन्दोलन का अखाड़ा बन कर रह जायेगा । लेकिन प्रोग्राम कलाकारों की सदस्यता को यह बिल सुनिश्चित नहीं करता जिनके लिए यह बिल लाया जा रहा है । इसीलिए मैं इसका विरोध करूंगी क्योंकि इसमें कलाकारों की भागीदारी बिल्कुल नहीं है ।

प्रस्तावित निगम के कामकाज की निगरानी के लिए निर्धारित 22 सदस्यीय समिति में 15 लोक सभा व 7 सदस्य राज्य सभा के होंगे जो समानुपातिक आधार पर चुने जायेंगे । हर तरह का आरक्षण देने वाली इस सरकार ने निगम में महिलाओं के लिए स्थान आरक्षित करने की कोई व्यवस्था नहीं की है । जिसकी सबसे अधिक जरूरत है । बिना आरक्षण के महिलाएं उचित स्थान से वंचित रहेंगी । खण्ड 3 में बोर्ड के सदस्यों में महिलाओं को अवश्य रखा जाना चाहिए था ।

परिषद् के 10 सार्वजनिक जीवन से आने वाले सदस्यों में से हिन्दी व अन्य भारतीय भाषाओं के साहित्य का प्रतिनिधित्व अवश्य होना चहिए । सरकार ने जिनके हाथों में आजादी सौंपी है उनकी निष्ठा के प्रति खुद भीतर ही भीतर भयभीत है ऐसे में सही आदमी की तलाश जरूरी है । यदि निगमों में सही लोग नहीं पहुंचेंगे तो उनका भी

श्री आनन्द प्रकाश गौतम (उत्तर प्रदेश) : आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं माननीय सूचना मंत्री जी द्वारा प्रस्तुत प्रसार भारती विधेयक का समर्थन करने के लिये खड़ा हुआ हूं।

महोदय, हमारी सरकार, राष्ट्रीय मोर्चा सरकार ने आते ही आते यह दावा किया था कि यह सरकार खुली सरकार है और इसके सारे कार्य खुले रूप में होंगे। इसके कार्यों और इसकी नीतियों के बारे में, उसके कार्य और व्यवहार के बारे में राष्ट्र के प्रत्येक व्यक्ति को जानने का अधिकार होगा। इस परिप्रेक्ष्य में प्रसार भारती बिल का पेश होना, मैं समझता हूं कि यह सरकार के खुलेपन का एक प्रमाण है। आजादी के बाद से जितनी भी सरकारें रही है, वह मीडिया की स्वयत्तता

[श्री आनन्द प्रकाश गौतम]

पर विचार करती रही और उसकी आवश्यकता एवं उसकी उपयोगिता से सहमत भी होती रही । लेकिन आज तक इस प्रकार की स्वायत्तता देने के लिये किसी भी सरकार ने कोई बिल पास नहीं किया । इसका एक ही कारण हो सकता है । आवश्यकता और उपयोगिता के महत्व को देखते हुए अगर सारे लोग सहमत हों लेकिन फिर भी उसको न करें तो उसके पीछे मैं समझता हूं कि केवल राजनैतिक इच्छा शक्ति की कमी हो सकती हैं । निश्चित रूप से अभी तक जितनी भी सरकारें और खासतौर से कांग्रेस सरकार, जो अधिकांश समय सत्ता में रही हैं, मीडिया की स्वयत्तता के बारे में राजनैतिक इच्छा शक्ति न होने के कारण वे ईस तरह का विधेयक पारित नहीं करा सकीं और इसको आज तक लंबित किये रहीं । राष्ट्रीय मोर्चे की सरकार ने बिना किसी निहित स्वार्थ की भावना को मन में धारण किये हुए आते ही आते इस बिल को, जो बहुत दिनों से लंबित पड़ा हुआ था, उसको प्रस्तुत किया है । पिछली सरकार ने 79 में इस बिल को लाकर रखा था लेकिन सदन में इसको पारित करने की हिम्मत और साहस नहीं जुटा पाई । मैं राष्ट्रीय मोर्चा सरकार को और उसके विद्वान मंत्री माननीय श्री उपेन्द्र जी को इसके लिये बधाई देना चाहता हूं । उन्होंने इस बिल को लाकर इस सरकार के खुलेपन का एक प्रमाण प्रस्तुत किया है। निश्चित रूप से इसके लिये यह सरकार और इसके मुखिया माननीय प्रधानमंत्री श्री वी०पी० सिंह साहब और श्री पी० उपेन्द्र बधाई के पात्र हैं ।

महोदय, स्वायत्तता जितनी आवश्यक है उसके साथ ही उस की निरंकुशता को नियंत्रित करना भी उतनी ही बड़ी आवश्कता है अन्यथा यह स्वायत्तता निरंकुशता में बदल सकती हैं और स्वायत्तता का दुरुपयोग करके अपने उद्देश्यों के विपरीत जाकर भटक सकती है । इसीलिये निरंकुशता पर नियंत्रण रखने के लिये इस विधेयक में बहुत ऐसे कदम उठाये गये हैं और ऐसे उपबंधों की इसमें योजना की गई इसमें उपबंध रखे गये हैं ताकि जो प्रसार भारती निगम बनने जा रहा है, उसके कार्यकलापों को नियंत्रित किया जा सके । पिछले जो अनुभव अब तक प्राप्त हुए हैं, पिछल सरकार के जो कार्य रहे हैं, सरकार का मीडिया पर किस तरह से नियंत्रण रहा है आपके सामने उसको कहने में कोई संकोच नहीं करना चाहता हूं । उस समय दूरदर्शन को लोग देखते हीं नहीं थे और देखते भी थे तो यह कहते थे कि यह दूरदर्शन नहीं है यह तो राजीव दर्शन है. इसको हम देखना नहीं चाहते। जब देखिये प्रधान मंत्री का चेहरा सामने दिखाई पड़ता था । इससे स्पष्ट था कि दूरदर्शन पूरी तरह से शासन के नियंत्रण में था और जो वह चाहता था उसी का उसमें प्रदर्शन किया जाता था । लेकिन जो दूसरा पहलू था वह देश के सामने, विदेश के सामने बिलकुल ढका हुआ रहता था । इसलिए जो प्रजातंत्र है उसका सही तरीके से इस्तेमाल नहीं हो सकता था इसलिए मुझे उम्मीद है और मैं आशा करता कि वर्तमान सरकार ने यह जो बिल प्रस्तुत किया है इसके माध्यम से मीडिया की स्वतंत्रता के कारण निश्चित रूप से जो दूरदर्शन किसी व्यक्ति के नाम से उसका दर्शन माना जाता था वह निश्चित रूप से भारत दर्शन के रूप में माना जाएगा और राष्ट्र की एक अच्छी तस्वीर देश और विदेश के सामने प्रस्तुत करने में सफल हो सकेगा । मैं और अधिक आपका समय नहीं लेना चाहता हूं । इन्हीं शब्दों के साथ मैं पुनः माननीय पी० उपेन्द्र साहब को और राष्ट्रीय मोर्चे की सरकार को इस विधेयक को पारित करने के लिए जो उन्होंने ऐतिहासिक कदम उठाया है, ऐतिहासिक यह बिल लाये हैं इसके लिए मैं उनको बधाई देना चाहता हूं । धन्यवाद ।

श्री मोहम्मद खलीलुर रहमान (आन्ध्र प्रदेश) : वाइस चेयरमन साहब, मैं प्रसार भारती (ब्राडकास्टिंग कारपोरेशन आफ़

इंडिया) बिल, 1990 की अपनी और अपनी पार्टी तेलुगू देशम की तरफ़ से भरपूर ताईद करता हूं और इस बिल के लिए मैं वजीरे आजम और खास तौर पर मिस्टर पी० उपेन्द्र, मिनिस्टर आफ़ इन्फ़रमेशन एण्ड ब्राडकास्टिंग को मुबारकबाद पेश करता हूं कि उन्होंने अपनी खुसूसी और गैरमामूली दिलचस्पी के जरिए यह वक्त की अहमतरीन जरुरत समझकर बिल पेश किया है । इसके लिए यकीनन काबिले मुबारकबाद देता हूं ।

जनाब वाइस चेयरमन साहब, जहां तक एक आडोनामस बाडी का सवाल है, मैं समझता हूं कि 1969 के बाद से जब कि हमारे मुल्क के सियासी उफ़क पर एक किस्म का धुन छा गया था उस वक्त से इसकी जरुरत पूरा नेशन महसूस कर रहा था । आपको मालूम है कि 1969 में जो यहां पर पोलिटिकल डेवलपमेंटस हुए थे, उसके बाद से इस आल इंडिया रेडियो का इस किस्म से इस्तेमाल किया जा रहा था कि वह सिर्फ़ जो सेंटर में रूलिंग पार्टी है उसका एक आलाएकार बन गया था । इसके बाद से हर तरफ़ से आवाज आई कि आल इंडिया रेडियो को आटोनोमस बाडी में तबदील किया जाये । आटोनामस कारपोरेशन में तब्दील किया जाए ताकि हुकूमत का कन्ट्रोल उसमें दखल न रहे । 1969 के बाद से जैसे जैसे दिन गुजर रहे थे वैसे वैसे आल इंडिया रेडियो और फिर उसके बाद जब दूरदर्शन का कयाम यहां पर अमल में आया और जिसका इस्तेमाल उसी तरह से किया गया और वह भी यहां की सेंटर की रूलिंग पार्टी का एक आर्गन बनकर रह गया, फ़िर खास तौर से 1975 में जब इमरजेंसी का दौर था, उस इमरजेंसी के दौर में आल इंडिया रेडियो के लिए लोग यहां तक कहने लग गये कि यह आल इंडिया रेडियो नहीं बल्कि आल इंदिरा रेडियो है । मुझे इंतिहाई अफ़सोस होता है कि पूरे मुल्क में ऐसी फ़ीलिंग्स, ऐसे जज्बात पैदा हो गये थे । फ़िर दूरदर्शन के कयाम के बाद से यह महसूस किया गया कि दूरदर्शन भी रूलिंग पार्टी का एक मुकम्मिल आर्गन बनकर रह गया है । हर तरफ़ से यह आवाज आ रही थी कि एक आटोनाक्स कारपोरेशन में आल इंडिया रेडियो और दूरदर्शन को तब्दील किया जाए ।

1977 के बाद जो यहां की सियासी तब्दीली अमल में आई और यहां पर जनता पार्टी की हुकूमत बनी उस वक्त मिस्टर एल०के०आडवाणी ने एक किस्म का बिल पेश किया था कि इसको एक आटोनामस कारपोरेशन का दर्जा दिया जाए । मगर इंतिहाई अफ़सोस की बात है कि उस वक्त जनता पार्टी की हुकूमत बाकी नहीं रही और फ़िर इलैक्शन के बाद दोबारा कांग्रेस "आई" जो हुकूमत में आई तो चुनांचे जो बिल एल०के०आडवाणी ने पेश किया था वह बदकिस्मती की नजर आ गया, कोल्ड स्टोरेज में डाल दिया गया । उसके बाद से सेंटर में कांग्रेस "आई" की हुकूमत 1979–80 के बाद मुसलसल है । तब से आल इंडिया रेडियो और दूरदर्शन देखिए । रेडियो या दूरदर्शन खोलते हैं तो ये ही एक दो तस्वीरें या उस वक्त के जो वजीरे आजम थे चाहे वे इंदिरा गांधी रहीं हों चाहे राजीव गांधी रहे हों उन्हीं के ताल्लुक से कहा जाता रहा, सुना जाता रहा और देखा जाता रहा । अब हालात तब्दील हो चुके हैं और नेशनल फ्रंट की हुकूमत इक्तदार में आने के बाद– नेशनल हुकूमत ने अपने मैनीफ़ैस्टो में जो इस बात का ऐलान किया था कि अगर दूसरे इक्तदार आए, तो आल इंडिया रेडियो और दूरदर्शन को एक आटोनोमस कार्पोरेशन में तबदील किया जाएगा ।

मुझे इनतहाई खुशी होती है और मुझे यह कहते हुए मुसर्रत होती है कि जितने भी वायदे नेशनल फ्रंट की हुकूमत ने किए थे, यह के बाद दीगरे वायदे पूरे करती चली आ रही है । चुनांचे मैं प्रसार भारतीय का बिल जो हमारे सामने आया है, यह भी उसी वायदे की कड़ी है और जो नेशनल फ्रंट की हुकूमत के वायदे को पूरा कर रहा है ।

जनाब वाइस चेयरमैन, मुझे यह कहते हुए मुसर्रत महसूस होती है कि गुजिश्ता

[श्री मोहम्मद खलीलुर रहमान]

सेशन मे जब मि० पी० उपेन्द्र ने लोक सभा में यह बिल पेश किया था, तो उसके बाद से आवाम की तरफ से एक किस्म का वैलकम किया गया और हर तरफ़ से बिल को खुश आमदीद कहा गया और उसका खैर मकदम किया गया । इसके ताल्लुक में सेमिनार मुनअकिद किये गये । उसमें भी मुख्तलिफ़ किस्म के डिसकशंस हुए । उसके जरिए भी हकूमत यह चाहे कि बेहतरोन से बेहतरोन तजावीज हैं, तो उनको एक्सेप्ट किया जाये । (समय की घंटी)

चुनाचे इन तमाम चीजों के बाद जब बिल सामने आया और खास तौर पर बिल की अप्लिसिट यह है कि जब यह लोक सभा में पेश किया गया, तो इसके लिए मि० पी० उपेन्द्र काबिले-मुबारकबाद है कि उन्होंने लोक सभा में तमाम पार्टियों की मुकम्मिल सपोर्ट हासिल की और इस बिल को उन्होंने कहा कि न तो यह मेरा बिल है, न तुम्हारा बिल है, मगर यह बिल जो है, अपना बिल है । यह कितनी अहम बात है ।

इसके बाद इस किस्म से लोक सभा में वह बिल पास किया गया। अगर आप मुझे पांच मिनट और इजाजत दें, तो मैं इस बिल के ताल्लुक से खास-खास बातें कहूंगा। पर चूंकि टाइम नहीं है, बल्कि मुख्तसर यह कहते हुए मैं चलता हूं कि इस बिल की सबसे बड़ी ब्यूटी यह है कि इसमें एक पार्लियामेंट्री कमेटी का क्याम अमल मे लाया गया है। इस कमेटी के लोक सभा से 15 मेम्बर होते हैं और राज्य सभा से 7 मेम्बर होते हैं और जाहिर है कि यह पार्लियामेंट्री जब भी इसका रेव्यू करेगी, जब भी इसका जायजा लेगी, तो यकीनन मुफ़ीद मश्विरे देगी ताकि इससे प्रसार भारती कार्पोरेशन जो काम कर रहे हैं, उसकी कारकर्दगी में इजाफा करने के लिए वह कीमती और बेहतरोन मश्विरे देगी ।

इससे हट कर सबसे खास बात जो है, वह यह है कि कार्पोरेशन आफ़ ब्रोड-कास्टिंग कौंसिल का क्याम अमल मे लाया गया है । (समय की घंटी) उसे 11 से 15 मेम्बर होते हैं। वह भी एक खास बात है और उस कौंसिल में दो राज्य सभा के और दो लोक सभा के एन०पीज० को भी रखने का प्रोवीजन रखा गया है । (समय की घंटी)

खास बात यह है कि उस कौंसिल को इस बात का भी अख्तियार दिया गया है कि वह अगर चाहे, तो मुख्तलिफ़ किस्म के रीजनल कौंसिल्ज पूरे मुल्क में खोल सकते हैं, ताकि कार्पोरेशन की कारकर्दगी में इजाफ़ा हो ।

फिर इसके बाद जो सब से अहम बताए रखी गई है, वह यह है कि बोर्ड आफ़ मैनेजमेंट के मेम्बर्ज को जो नामिनेट करते हैं, उसके लिए कितनी ब्यूटी है । देखिये कि इस राज्य सभा के जो चेयरमैन हो हैं, प्रेस कौंसिल के जो चेयरमैन है, वह उसका एक मेम्बर होता है और फ़िर प्रेजीडेंट आफ़ इंडिया की तरफ़ से एक मेम्बर नामिनेट किया जाएगा । यह तीनों की जो कमेटी रहेगी, यह तीनों मिल कर बोर्ड आफ़ मेम्बर्ज को नामिनेट कर सकते हैं । (समय की घंटी) यह कितने बेहत्तर अंदाज में इस किस्म की कमेटी बनाई गई है । कितने न्यूट्रल और इम्पार्शल तरीके से यह कमेटी बनाई गई है । इसके लिए तो जरूरत इस बात की है कि हम मुकम्मिली तआवुन के साथ इस बिल को राज्य सभा में पास करें, क्योंकि सबजेक्ट तो ऐसा है कि पांच मिनट तो क्या, दस मिनट भी मैं कह सकता हूं । पर मगर मुसलसल चूंकि आप बेल पर बेल बजा रहे हैं, मैं यह कहते हुए आपका शुक्रिया अदा करता हूं की आपने जो मुझे काइम दिया है, आपका शुक्रिया कहा करते हुए फ़िर एक दफ़ा मैं मि० पी० उमेन्द्र को मुबारकबाद देता हूं और पूरे हाउस से यह दर्खवास्त करता हूं की इस बिल को अप बिलकुल युनेनिमस तरीके से पास करें और एक अच्छी फ़िजा में इस बिल को पास करें । शुक्रिया ।

†[شری محمد خلیل الرحمان

(آندھرا پردیش) : وائس چیرمین صاحب - میں پرسار بھارتی (براڈ کاسٹنگ کارپوریشن آف انڈیا) بل ۱۹۹۰ کی اپنی اور اپنی پارٹی تیلگو دیشم کی طرف سے بھرپور تائید کرتا ہوں اور اس بل کیلئے میں وزیر اعظم اور خاص طور پر مسٹر پی - اپندر منسٹر آف انفارمیشن اینڈ براڈ کاسٹنگ کو مبارکباد پیش کرتا ہوں کہ انہوں نے اپنی خصوصی اور غیر معمولی دلچسپی کے ذریعے یہ وقت کی اہم ترین ضرورت سمجھکر بل پیش کیا ہے - اس کے لئے وہ یقیناً قابل مبارکباد ہیں -

جناب وائس چیرمین صاحب جہاں تک ایک آٹونامس باڈی کا سوال ہے میں سمجھتا ہوں کہ ۱۹۶۹ کے بعد سے جب کہ ہمارے ملک کے سیاسی افق پر ایک قسم کا دھند چھا گیا تھا اس وقت سے اسکی ضرورت پورا نیشن محسوس کر رہا تھا - آپکو معلوم ہے کہ ۱۹۶۹ میں جو یہاں پر پولیٹیکل ڈیولپمنٹس ہوئے تھے اسکے بعد سے آل انڈیا ریڈیو کا اس قسم سے استعمال کیا جا رہا تھا کہ وہ صرف سینٹر میں جو رولنگ پارٹی ہے اسکا آلہکار بن گیا تھا - اسکے بعد سے ہر طرف سے آواز آئی کہ آل انڈیا ریڈیو کو آٹونامس باڈی میں تبدیل کیا جائے - آٹونامس کارپوریشن میں تبدیل کیا جائے تاکہ حکومت کا قطعاً اسمیں دخل نہ رہے - ۱۹۶۹ کے بعد سے جیسے جیسے دن گزر رہے تھے ویسے ویسے آل انڈیا ریڈیو اور پھر اسکے بعد جب دور درشن کا قیام یہاں پر عمل میں آیا اور جسکا استعمال اسی طرح سے کیا گیا اور وہ بھی یہاں کی سینٹر کی رولنگ پارٹی کا ایک آرگن بن کر رہ گیا پھر خاص طور سے ۱۹۷۵ میں جب ایمرجنسی کا دور تھا - اس ایمرجنسی کے دور میں آل انڈیا ریڈیو کیلئے لوگ یہاں تک کہنے لگے تھے کہ یہاں آل انڈیا ریڈیو نہیں بلکہ آل اندرا ریڈیو ہے- مجھے انتہائی افسوس ہوتا ہے کہ پورے ملک میں ایسی فیلنگس - ایسے جذبات پیدا ہو گئے تھے - پھر دور درشن کے قیام کے بعد سے یہ محسوس کیا گیا کہ دور درشن بھی رولنگ پارٹی کا ایک مکمل آرگن بن کر رہ گیا ہے - ہر طرف سے یہ آواز آ رہی تھی کہ ایک آٹونامس کارپوریشن میں آل انڈیا ریڈیو اور دور درشن کو تبدیل کیا جائے -

t£]Transliteration in Arabic Script.

اقتدار میں آنے کے بعد نیشنل فرنٹ حکومت نے اپنے مینی فیسٹو میں جو اس بات کا اعلان کیا تھا کہ اگر وہ برسر اقتدار آئی تو آل انڈیا ریڈیو اور دور درشن کو ایک آٹونامس کارپوریشن میں تبدیل کیا جائیگا -

مجھے انتہائی خوشی ہوتی ہے اور مجھے یہ کہتے ہوئے مسرت ہوتی ہے کہ جتنے بھی وعدے نیشنل فرنٹ کی حکومت نے کئے تھے وہ یکے بعد دیگر وہ وعدے پورے کرتی چلی آ رہی ہے - چنانچہ میں پرسار بھارتی بل جو ہمارے سامنے آیا ہے یہ بھی اسی وعدے کی ایک کڑی ہے اور نیشنل فرنٹ کی حکومت وعدوں کو پورا کر رہی ہے -

جناب وائس چیر مین صاحب مجھے یہ کہتے ہوئے مسرت محسوس ہوتی ہے کہ گذشتہ سیشن میں جب مسٹر پی - اپنڈر نے لوکسبھا میں یہ بل پیش کیا تھا تو اسکے بعد سے عوام کی طرف سے ایک قسم کا ویل کم کیا گیا اور ہر طرف سے بل کو خوش آمدید کہا گیا - اور ۱۹۷۷ کے بعد جو یہاں کی سیاسی تبدیلی عمل میں آئی اور یہاں پر جنتا پارٹی کی حکومت بنی اسوقت مسٹر ایل - کے - ایڈوانی نے اس قسم کا بل پیش کیا تھا کہ اسکو ایک آٹونامس کارپوریشن کا درجہ دیا جائے - مگر انتہائی افسوس کی بات ہے کہ اسوقت جنتا پارٹی کی حکومت باقی نہیں رہی اور پھر الیکشن کے بعد دوبارہ کانگریس (آئی) حکومت میں آئی - تو چنانچہ جو بل ایل - کے - ایڈوانی نے پیش کیا تھا وہ برف دان کی نظر ہوگیا - کولڈ اسٹوریج میں ڈال دیا گیا - اسکے بعد سے سیکنڈ میں کانگریس آئی کی حکومت ۸۰-۱۹۷۹ کے بعد سے مسلسل ہے - تب سے آل انڈیا ریڈیو اور دور درشن دیکھئے - ریڈیو یا دور درشن کھولتے ہیں تو یہ ہی ایک دو تصویریں یا اسوقت کے جو وزیر اعظم تھے چاہے وہ اندرا گاندھی رہی ہوں چاہے راجیو گاندھی رہے ہوں انہیں کے تعلق سے کہا جاتا رہا سنا جاتا رہا اور دیکھا جاتا رہا -

اب حالات تبدیل ہو چکے ہیں اور نیشنل فرنٹ کی حکومت نے

ہوتے ہیں اور ظاہر ہے کہ یہ پارلیمنٹری کمیٹی جب بھی اسکا ریویو کرےگی جب اسکا جائزہ لےگی- تو یقیناً مفید مشورے دےگی - تاکہ اس سے پرسار بھارتی کارپوریشن جو کام کر رہی ہو اسکی کارکردگی میں اضافہ کرنے کیلئے مفید مشورے دیگی-

اس سے ہٹ کر سب سے خاص بات جو ہے وہ یہ ہے کہ کارپوریشن آف براڈ کاسٹ کاؤنسل کا قیام عمل میں لایا گیا ہے - (وقت کی گھنٹی) اسمیں ۱۱ سے ۱۵ ممبر ہوتے ہیں - وہ بھی ایک خاص بات ہے - اور اس کاؤنسل میں دو راجیہ سبھا کے اور دو لوک سبھا کے ایم پیز کو بھی رکھنے کا پروویزن رکھا گیا ہے - (وقت کی گھنٹی)

خاص بات یہ ہے کہ اس کاؤنسل کو اس بات کا بھی اختیار دیا گیا ہے کہ وہ اگر چاہے تو مختلف قسم کے ریجنل کاؤنسلز پورے ملک میں کھول سکتے ہیں تاکہ کارپوریشن کی کارکردگی میں اضافہ ہو -

پھر اسکے بعد جو سب سے اہم بات رکھی گئی ہے وہ یہ ہے کہ بورڈ آف مینیجمنٹ کے ممبرز کو نومی نیٹ کرتے ہیں اسکے کتنی بیوٹی ہے- دیکھئے کہ اس راجیہ سبھا کے جو چیرمین ہیں- پریس کاؤنسل کے جو چیرمین ہیں - وہ اسکا ایک اسکا خیر مقدم کیا گیا اسکے تعلق سے سمینار منعقد کئے گئے - انمیں بھی مختلف قسم کے ڈسکشنس ہوئے اسکے ذریعے بھی حکومت یہ چاہی کہ بہترین سے بہترین تجویز جو ہوں انکو ایکسیپٹ کیا جائے (وقت کی گھنٹی)

چنانچہ ان تمام چیزوں کے بعد جب بل سامنے آیا اور خاص طور پر بل کی خصوصیت یہ ہے کہ جب یہ لوک سبھا میں کیا گیا تو اسکے لئے مسٹر پی - اپنڈر قابل مبارکباد ہیں- کہ انہوں نے لوک سبھا میں تمام پارٹیوں کی مکمل سپورٹ حاصل کی - اور اس بل کو انہوں نے کہا کہ یہ نہ تو میرا بل ہے نہ تمہارا بل ہے مگر یہ بل جو ہے اپنا بل ہے - یہ کتنی اہم بات ہے -

اسکے بعد اس قسم سے لوک سبھا میں وہ بل پاس کیا گیا - اگر آپ مجھے پانچ منٹ اور اجازت دیں تو میں اس بل کے تعلق سے خاص خاص باتیں کہوں گا - پر چونکہ ٹائم نہیں ہے - اسلئے مختصر کہتے ہوئے چلتا ہوں - کہ اس بل کی سب سے بڑی بیوٹی یہ ہے کہ اسمیں ایک پارلیمنٹری کمیٹی کا قیام عمل میں لایا گیا ہے - اس کمیٹی کے لوک سبھا کے ۱۵ ممبر ہوتے ہیں اور راجیہ سبھا سے ۷ ممبر

ممبر ہوتا ہے - اور پھر پریذیڈنٹ آف انڈیا کی طرف سے ایک ممبر نومینیٹ کیا جائے گا - یہ تینوں کی جو کمیٹی رہے گی - یہ تینوں مل کر بورڈ آف ممبرز کو نامینیٹ کر سکتے ہیں - (گھنٹی) - یہ کتنے بہتر انداز میں اس قسم کی کمیٹی بنائی گئی ہے - کتنے نیوٹرل اور امپارشیل طریقے سے یہ کمیٹی بنائی گئی ہے - اسکے لئے تو ضرورت اس بات کی ہے کہ ہم مکمل تعاون کے ساتھ اس بل کو راجیہ سبھا میں پاس کریں کیونکہ سبجیکٹ تو ایسا ہے کہ پانچ منٹ تو کیا دس منٹ بھی میں کہہ سکتا ہوں - مگر مسلسل چونکہ آپ بیل پر بیل بجا رہے ہیں - میں یہ کہتے ہوئے آپ کا شکریہ ادا کرتا ہوں کہ آپنے جو مجھے ٹائم دیا ہے - آپ کا شکریہ ادا کرتے ہوئے پھر ایک دفعہ مسٹر پی - اپندر کو مبارکباد دیتا ہوں اور پورے ہاؤس سے یہ درخواست کرونگا کہ اس بل کو آپ بالکل یو نے نیمس طریقے سے پاس کریں اور ایک اچھی فضا میں اس بل کو پاس کریں - شکریہ -]

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. A. BIABY): Now SardlaW Jagftit Singh Aurora. Not here. Prof. Sourendra Bhattacharjee. Not here. Miss Chan-drika Kenia. Not here. Shri Shanker Dayal Singh. Not here. Shri M. S. Lather. Not here. Shri S. P. Mala-viya. Not here. Shri T. A. Mohammed Saqhy.

SHRI T. A, MOHAMMED SAQHY: Mr. Vice-Chairman, Sir. at the outset, I congratulate the national Front Government, the Prime Minister, Vishwa-nath Pratap Singhii, and the Minister for Information and Broadcasting, Shri Upendra, for having introduced this Bill in the Lok Sabha and got it passed unanimously. I hope the same pattern will be adopted here by the Opposition parties in passing the Bill (unanimously. Anyhowj* let us hope for the best.

Sir, the Bill has been brought forward to S[ive] autonomy to TV and Radio so that they can focus the country's view without any bias or without any interference, intervention or instructions. That is what we wanted the TV and the Radio to be. But what happened in the past everybody knows about. TV and Radio became tools in the hands of the then ruling party. The media functioned in the style to make the people of the country to believe that those who were ruling the country, were the only people entitled to. rule the country and those were the only people who could save the country. But that is not going to happen now under the proposed set-up. TV and Radio are being conferred with autonomy by the magic wand of this Bill which has been introduced [an]d which is going to be passed.

Sir, the Bill gives all the powers to the people who are going to run the TV and the Radio. 1 would like to mention one thing in this connection. When Our country got Independence, the last Governor-General was not made the first Prime Minister. The last Governor-General went away and a new Prime Minister was elected and Jawaharlal Nehru became the first Prime Minister. Similarly, we are giving powers to the people who manage the TV and the Radio. If the same people are to continue there, the same old fashion of affairs will follow. That should not happen. New things should take place. New people should be there to manage the media. Otherwise,

the same old fashion will be repeated. This should be taken note of by the honourable Minister.

Sir, when the present Information i and Broadcasting Minister was sitting on the Opposition benches, he used to urge upon the then Government to have a second channel for the States because ours is a country which consists of different States with different languages and cultures and these have to be reflected in the electronic media too. Every State is anxious to hear or see its culture being projected on the TV and the radio and it is because every culture is different from the other and every language is different from the other. We cannot expect every citizen to listen the language or culture of the other people without any protest. So, provision of a second channel is very necessary and for this reason only our present Minister used t_0 urge upon the previous Government to have second channel for the States He had also drafted so many resolutions calling upon the previous Government to provide the second channel for the States. But now, when he is equipped with so much of power as the Minister of Information and Broadcasting, we are surprised to see that he ha_s missed to provide the second channel to the States. It pains us very much. I also request the hon. Minister to sort it out or make some arrangement for the second channel to be given to the States.

I also have my own apprehensions. So far we have had the experience, the previous Government had the TV and the Radio as their mouth-piece. They were the mouth-piece of the ruling party. During the period DMK Party was ruling Tamil Nadu, DMK Government was dismissed and the party people were arrested and we were kept in so many places. Whenever we switched on the radio it uttered falsehood and threw irresponsible allegations against the party and making the people believe that its party which was governing the country misused the power. They repeatedly propogated emergency which was only measure to give better administration at that juncture. This should not happen.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. A BABY): Please conclude.

SHRI T. A. MOHAMMED SAQHY: Yes. We were also hearing the Radio and Television as an instrument to impose Hindi ' on the non-Hindi speaking States. That should not. happen now.

We have given autonmous power to the TV Radio. Having that power, they should not sit upon non-Hindi speaking States and give more programmes in Hindi only as has already been done. Therefore, E precaution has to be taken by the hon Minister to issue suitable instruction! .. *(Time bell rings)* It should not be old wine in a new bottle. It has tc be changed.

So we whole-heartedly support th(giving of autonomous power to thi TV and the Radio. It is welcome. Wi welcome it. We support it. But a the same time, this should not be ai instrument in the hands of the rulin party people, and it should notbeai instrument in the hands of the rulin party people, and it should not be a instrument for imposing Hindi. Thes two things have to be taken care of.

डा. रत्नाकर पांडेय : डान्यवर उप-सभाध्यक्ष जी, रात के साढ़े आठ बज रहे हैं । छै: सौ दाच एंड दार्ड, लाइब्रेरी के और सारे कर्मचारी लोग भूखे हैं । हम सदस्य भले ही भूखे रहें, लेकिन जो कर्मचारी हमारे, काम करते हैं, उनके भोजन की व्यवस्था की जाये । आप आदेश दीजिए ...(**व्यवधान**)... साढ़े आठ बज रहे हैं और हाउसे लंबा टलेगा । पार्लियामेंन्टरी अफ़ेयर्स मिनिस्टर बैठे हैं, सारे कर्मचारियों के भोजन की व्यवस्था कराएं सबेरे साढ़े आठ बजे वे आते हैं और आज के साढ़े आठ बज गये हैं । प्रेस के लोग बैठे है । हम सदस्य खाये या न खाये, उसके कोई मायने नहीं है । लेकिन सारे लोगों की भोजन

की व्यवस्था होनी चाहिए । माननीय उप-सभाध्यक्षजी, आप मंत्री महोदय से यह आदेश कराएं । चाहे भोजन होल में पैकिटस में मंगाकर देना हो, वह जरूर दें । सात बजे के बाद, साढ़े सात बजे के बाद यदि हाउस बैठा हो तो भोजन की व्यवस्था जरूर करा दिया कीजिए ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. A. BABY); Now, this is the last speaker. In another 5-10 minutes Shri Shanker Dayal Singh will be concluding.

The anxiety of the hon. Member about the staff of the Secretariat is well taken. We are equally concerned. There is no division in the House about this. Now this is the last speaker. We are going to conclude.

श्री शंकर दयाल सिंह : माननीय उपसभाध्यक्ष जी, प्रसार भारती बिल के संबंध में लंबी चर्चा हो रही है और कल भी इस पर चर्चा होगी । मैं कुछ अपनी बात कहूं, उसके पहले एक दो बात यह देना आवश्यक समझता हूं । चूंकि प्रसार-भारती के संबंध में हम बोल रहे हैं, दूर-दर्शन और आकाशवाणी के संबंध में बोल रहे हैं तो पहली बात यह नोट कर ली जाय कि मैं शंकर दयाल सिंह बोल रहा हूं। ऐसा न हो कि दूरदर्शन की शाम की रिपोर्टिंग में शंकर दयाल शर्मा सुनने को मिले ।

डा० नाकर पाण्डेय : हम लोगों की कामना है कि एक दिन आप वहां तक पहुंचें ।

श्री शंकर दयाल सिंह : जैसा कि, महोदय, कल मैंने अपने कानों से सुना । मैंने यहां कल प्रश्न पूछा, मैंने यहां अल्प-कालिक सवाल उठाया और वहां कहा गया कि शंकर दयाल शर्मा ने उठाया ।

महोदय, दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि एक बार इस बात के लिए मैंने अनुमति ले ली थी कि मैं कल अपनी बात कहूंगा ।. . .

एक माननीय सदस्य : मंत्री जी आपकी बात नहीं सुन रहे हैं ।

श्री शंकर दयाल सिंह : वह तो अहलुवालिया जी के उसमें हैं न । उप-सभाध्यक्ष महोदय, मैं कह रहा था कि मैंने प्रसार-भारती के बारे में बोलने की अनुमति कल मांगी थी, जैसा कि मुझे शौक था कि प्रसार-भारती के बारे में बोलूं तो उस तरह से न बोलूं जिस तरह से बराबर बोलता रहता हूं किसी भी विषय पर, इसलिए जो भी सामग्री जमा की थी वह मेरे घर पर है और मैं आपने सामने सुनने की तरह से खड़ा हूं । फिर भी दो-तीन बातें मैं मंत्री महोदय से कहना चाहूंगा ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, पहली बात मैं यह कहना चाहूंगा कि आप स्वतंत्रता प्रदान करने जा रहे हैं और जानते हैं कि संविधान में स्वतंत्रता को बहुत बड़ा अर्थ होता है । हमारी आजादी, हमारा संविधान और हमारी सारी चेतना स्वतंत्रता के लिए अनुबंधित है, प्रतिबंधित है । हम इस बात के लिए जो है, लोगों को कहते रहे हैं, हमने अपने घोषणा-पत्र में भी कहा कि हम इसे आजाद बनायेंगे । इसमें मैं एक बात जरूर कहना चाहूंगा कि आजाद तो निश्चित रूप से बनाया जाए, लेकिन वह आजादी कहीं ऐसी न हो जाए कि महंगी पड़ने लगे । इसलिए मैं यह कहना चाहूंगा कि आपने जो कुछ भी उसके अंदर प्रावधान बनाए हैं, जिसे हम लोगों ने एक बार, दो बार, तीन बार देखा है और अच्छी तरह से समझा है, जिस आजादी की बात करते रहे हैं, जिसे हमने अपने घोषणा पत्र में दिया है, वह सही मायने में आजादी होनी चाहिए ।

दूसरी बात मैं यह कहना चाहूंगा कि आपने प्रसार-भारती इसका नाम दिया है । प्रसार और भारती प्रसार का अर्थ जो है, ज्ञान का प्रसार होना चाहिए, संस्कृति का प्रसार होना चाहिए, जो हमारी स्वतंत्रता

की चेतना है, उससे होना चाहिए और भारती का अर्थ है— भारत की जहां इज्जत और प्रतिष्ठा बनी रहे । इसलिए प्रसार भारती के उद्देश्यों में जो कुछ भी हमारे पास आया है, उस संबंध में कहना चाहूंगा, मुझे अंग्रेजी और हिंदी दोनों के लिए पढ़ना पड़ता है कि मैं तो हिंदी इस ही पढ़ना चाहता हूं, लेकिन जब अनुवाद समझ में नहीं आता है तो उसे अंग्रेजी से समझना पड़ता है, इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि जैसे आपने प्रसार–भारती नाम रखा है तो उसी तरह से आप उसको अनुवाद की वस्तु न बनाकर मूल की वस्तु बनायें । आज तक हम जानते रहे हैं और देखते रहे हैं कि जो भी सामग्री हमारे सामने आती हैं, वे अंग्रेजी में तैयार होती हैं, सोच-विचार उनका अंग्रेजी से चलता है और तब अनुवादित होकर भारतीय भाषाओं में आती हैं । मैं चाहता हूं कि प्रसार-भारती के माध्यम से भारतीय भाषाओं को आगे आने का मौका मिलना चाहिए और इसलिए कि भाषा उसका माध्यम बनती है। आज दूरदर्शन में क्या है ? दूरदर्शन की भाषा को अगर हिन्दी कहकर के लोग जो बोलते हैं और कहते हैं, हम जैसे लोगों को उससे बहुत कष्ट होता है क्योंकि आप भाषा को विकृत कर देते हैं । जैसे आप मां को मां कहेंगे और अपने पिता को पिता कहेंगे, उसी तरह से भाषा का अपना एक सौंदर्य होता है । अब उस भाषा को बिगाड़ करके आप अगर किसी तरह का कार्यक्रम दें व प्रसारण दें तो मैं समझता हू कि जहां उससे एक तरफ दूरदर्शन का अपमान होता हैं वही दूसरी तरफ हमारे उद्देश्यों का भी अपमान होता हैं । इसलिए जिनका वहां चयन हो, कम से कम सावधानीपूर्वक हो, ऐसा न हो कि किसी न किसी तरह से अपनी तिगड़म लगाकर, अपनी पैरवी कर वहां पहुंच लें ।

तीसरी बात, उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं यह कहना चाहता हूं कि हमारी सरकार इस बात के लिए संकल्पित है और उसने कहा है कि हम मैनेजमेंट में कर्मचारियों को हिस्सेदारी देंगे । जो यहां बोर्ड गठित हो रहा है, उसमें मैं चाहता हूं, जैसी कई माननीय सदस्यों ने भी सलाह दी, बिल्कुल उचित सलाह दी कि क्षेत्रीय स्तर पर भी उसका गठन होना चाहिए और जो यह क्षेत्रीय गठन हो, उसमें वहां की संस्कृति में, वहां के साहित्य में, वहां के मूल्यों में निष्ठा रखने वाले लोगों को लेना चाहिए। उसमें जो कर्मचारी हों, चाहे वह कलाकार हों या आकाशवाणी और दूरदर्शन के जो लोग हों उनको भी मैनेजमेंट में हिस्सा वैसे ही मिलना चाहिए जैसे आप सभी चीजों में हिस्सेदारी की बात कहते हैं ।

चौथी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि जिनको इसका अनुभव हो, ज्ञान हो, जिनको तजुर्बा इसका रहा हो ऐसे लोगों को आप प्राथमिकता दें चाहे वह कहीं के भी हों ।

पांचवीं बात मैं यह कहना चाहता हूं कि मैंने इसमें देखा है उपेन्द्र जी और मुझे दुख है, व्यक्तिगत रूप से कहता हूं, कि आप पार्लियामेंट के किसी मैम्बर को नहीं रखेंगे । आप उसमें अनुभव रखने वाले को रखेंगे, जिसको ज्ञान है उसको रखेंगे, समाज के वरिष्ठ व्यक्ति को रखेंगे, सांस्कृतिक व्यक्ति को रखेंगे लेकिन पार्लियामेंट के मैम्बर को नहीं रखेंगे । इसका अर्थ क्या होता है ? इसका अर्थ वह होता है कि पार्लियामेंट का सदस्य असांस्कृतिक है । पार्लियामेंट के मैम्बर को कलाकारिता ज्ञान नहीं है । इसका अर्थ होता है कि उसको शिक्षा का ज्ञान नहीं है । आप उसमें यह नहीं जिक्र करते कि उसमें संसद सदस्य को नहीं रखेंगे, आप अपना गठन कर लेते, मैं मान लेता । लेकिन जो अपने अभी हम लोगों के सामने इस बिल का प्रारूप रखा है और जिस है हम विचार कर रहे हैं, उसमें एक संसद सदस्य नहीं मनोनीत हो सकता है । ऑटोनमस, आप देखिए देश में 100 ऑटोनमस बॉडी होंगी— चाहे विश्वविद्यालय हो, बोर्ड हो, कारपोरेशन हो, निगम हो, परिषद हो, जहां पर कि पार्लियामेंट के मैम्बर की हैसियत से लोक सभा और राज्य सभा के सदस्य उसमें रहते हैं और आप इतनी बड़ी चीज बनाने जा रहे हैं और उसमें आपने कहा कि उसमें पार्लियामेंट के मैम्बर को नहीं

रखेंगे । इसका मतलब है कि जो चुने हुए प्रतिनिधि लोक सभा के या राज्य सभा के इतने सदस्य आए हैं, उनके मत्यों को आप बिल्कुल कम करना चाहते हैं या उन्हें मूल्यहीन साबित कर रहे हैं । इसलिए मैं कहना चाहता हूं मंत्री महोदय से कि हम निश्चित रूप से.... (**व्यवधान**)

डा० रत्नाकर पाण्डे : सारा सदन आपके साथ सहमत है इस मामले में ।

श्री शंकर दयाल सिंह: कलाकार के रूप में हमारे यहां पंडित रवि शंकर हैं या मकबूल फिजा हुसैन हैं या विद्वान के रूप में डा० रत्नाकर पाण्डेय जी हैं ...(**व्यवधान**)...

श्री मोहम्मद खलीलुर रहमान : आपका नाम कम हैं क्या ?

श्री शंकर दयाल सिंह : मेरे बारे में तो यह बोलेंगे, मैं उनका नाम बोल रहा हूं ।

एक माननीय सदस्य : अहलुवालिया जी का नाम नहीं कहा आपने ।

श्री शंकर दयाल सिंह: अहलुवालिया जी का नाम दूरदर्शन के लिए ठीक है, नजदीक दर्शन के लिए ठीक नहीं है इसलिए नहीं लिया । इसलिए मैं, उपसभाध्यक्ष जी, कहना चाहता हूं कि मंत्री महोदय कुछ हम लोगों के भाषणों पर भी ध्यान दें, कुछ हमारी बात को भी मानें । हम तो इस दल के हैं और हम सरकार का जो स्वरूप आया है, उसको समर्थन देने के लिए खड़े हुए हैं । लेकिन समर्थन एक शर्त के साथ जरूर देना चाहते हैं कि आपने जो संसद सदस्य वाली बात उसमें कहीं है, उसको आप हटा दें । अगर कोई संसद सदस्य इसके योग्य है कि उसकी वहां चेयरमैन होना चाहिए, सदस्य होना चाहिए, गवर्निंग बाडी में होना चाहिए, उसको आप स्थान दें ।

मैं विस्तार से इसलिए समय नहीं लेना चाहता उपसभाध्यक्ष जी, मैं भी जानता हूं कि कुर्सी पर जो व्यक्ति बैठता है, जो चेयरमैन की हैसियत से चेयर परसन रहता है, वह भी बेचैन रहता है कि कैसे जल्दी सारी बात समाप्त हो जाए । इसलिए जो दूरदर्शन-आकाशवाणी के संबंध में "प्रसार-भारती" एक संकल्प के साथ जो चीज हमारे सामने आई है, उसका मैं समर्थन करता हूं और मैं मानता हूं कि सरकार को बहुत बड़ी कामयाबी इसके द्वारा मिलेगी और साथ ही साथ जो मने कहा है उस पर भी मंत्री महोदय ध्यान देंगे ।

श्री महेन्द्र सिंह लाठर : उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपका धन्यवाद करता हूं और बहुत इच्छा थी मेरी कि अगर यहां साल्वे साहब या कांग्रेस के दूसरे मैम्बर साहिबान भी बैठे होते.... (**व्यवधान**)

एक माननीय सदस्य : शिव शंकर जी बैठे हैं ।

श्री शंकर दयाल सिंह : लीडर आफ़ अपोजीशन ने हम लोगों का भाषण सुनकर अपना सीट बदला ।

श्री महेन्द्र सिंह लाठर : मैं कुछ साल्वे साहब की बातों के सिलसिले में बात करना चाहता था । उन्होंने दो-तीन बातें उठाई । एक तो यह कि हमारी सरकार में कंफ्यूजन ही कंफ्यूजन है, खास तौर से इस कानून को पास करने के लिए । मैं यह समझ नहीं पाया । कल लोक सभा में आपकी पार्टी ने, कांग्रेस पार्टी ने इस बिल को सपोर्ट किया । एनोनिमसली उसको पास किया और आज ही आपकी परिस्थिति बदल गयी, वह सारी थिंकिंग बदल गयी और वह कहने लगे कि इसको टूथ एंड नेल हम अपोज करेंगे, यह बिल गलत है । कांग्रेस पार्टी एक बहुत पुरानी पार्टी है, 40 साल करीब इस पार्टी ने राज्य किया । कितनी गैर जिम्मेदारी की बात इस पार्टी ने की कि एक हाउस के अंदर तो बिल को सपोर्ट कर रहे हैं और दूसरे हाउस के अंदर इस बिल के पास होने में रुकावटें डाल रहे हैं । यह मुझे समझ नहीं आता कि कंफ्यूजन हमारी पार्टी में है या कंफ्यूजन आपकी पार्टी में है । दूसरी बात यह कि मैं मुबारकबाद देना चाहता हूं उपेन्द्र जी को और इस सरकार को कि

जिन लोगों की तकलीफ़ थी, जब लोग यह चिल्ला-चिल्ला कर कहा करते थे कि दूरदर्शन का, रेडियो का दुरुपयोग बंद करो, जब भी टेलीविजन खोला तो राजीव गांधी के दर्शन हुये--राजीव दर्शन... (व्यवधान)

डा० रत्नाकर पाण्डेय : अब बार-बार वी० पी० सिंह का चेहरा दिखायी पड़ता है ...(व्यवधान)

श्री सुरेन्द्र जीत सिंह अहलुवालिया : सही बोल रहे हैं उसका नाम राजीव दर्शन था, अब उसका नाम विश्वनाथ दर्शन है ...(व्यवधान)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. A. BABY). You can speak tomorrow. You have enough time tomorrow. You can speak at that time.

श्री महेन्द्र सिंह लाठर : आप सुनिये इसीलिये कह रहा हूं आपसे । जब राज्य की पलटा-पलटी हुई, राज्य पलटते हैं यह भी एक कारण था जो दुरुपयोग आप लोगों ने किया । यह भी एक कारण था और सुनिये साल्वे साहब ने एक और बात कही ...(व्यवधान)

श्री सुरेन्द्र जीत सिंह अहलुवालिया : देवी दर्शन नहीं होंगे अब... (व्यवधान)

श्री महेन्द्र सिंह लाठर : साल्वे साहब ने शब्द इस्तेमाल किये कि जिस अगली हेस्ट में यह इस बिल को पास करना चाहते हैं । मैं समझता हूं अगली हेस्ट नहीं यह एक्जम्पलरी पेशेंस के साथ इस बिल को पेश किया गया । जब से राज्य लटा था तब से डिस्कशंस हुये, सेमीनार हुये, पब्लिक डिबेट चली कि इसको ऑटोनोमस होना चाहिये । यह सारी बातें सोची समझी थी और दूसरे हाउस के अंदर जब आपके नेताओं ने कहा कि हम इस पर बहस करना चाहते हैं... (व्यवधान)

श्री सुरेन्द्र जीत सिंह अहलुवालिया : दूसरे हाउस की डिस्कशन को यहां डिस्कश नहीं कर सकते ।

Mr. Vice-Chairman, Sir, we cannot refer t_0 the discussion in the other House. He is discussing that. He cannot do it.

SHRI RAJUBHAI A. PAKMAB: This should not go on record.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. A. BABY): Mr. Lather, generally, we say 'the other House'. That would be better. Let us not say 'the Lok Sabha'. The practice is to say 'the other House'.

SHRI MOHINDER SINGH LATHER: I am not referring to the other House. I am referring to whatexer discussions that took place between our party and their party outside the House. The hon. Minister went to the extent of satisfying all the parties in regard to this Bill.

यह जो बिल है उपसभाध्यक्ष महोदय यह बिलदेश के लिये बन यहा है कोई एक के लिये नहीं बन रहा है । यह पाबंदियां हम पर भी लगेंगी, हम भी दूरदर्शन का, रेडियो का मिसयूज नहीं कर सकते । मुझे बहुत अफ़सोस है कि साल्वे साहब यहां पर कहने लगे, आजाद साहब ने कहा कि इस एक्ट के अंदर चोर की चोरी वाली खिड़की रखी हुई है, चोर दरवाजा रखा हुआ है । मैं यह कहना चाहता हूं उपसभाध्यक्ष महोदय, There is nothing hidden in this Bill. जो कुछ है अच्छी जीयत के साथ । साल्वे साहब ने बोनाफ़ाइड को चेलेंज किया कि मिनिस्टर साहब की बोनाफ़ाइड ठीक नहीं है । मैं समझता हूं कि जब एक स्पष्ट बिल हाउस के सामने रखा जा रहा है कि ऑटोनोमस बॉडी हो किसी भी पार्टी का पक्षपात इसके अंदर न हो, हर रुख को पेश किया जाये, हर पार्टी की तस्वीर दिखायी जाये । जो तथ्य हैं, जो फ़ैक्टस हैं उनके अंदर लागू किया जाये, इसमें क्या बुराई है ? आज इस हाउस में इस बिल को पास करने में जो नाटक हमने देखा, एक तरफ़ तो आजाद साहब ने कहा कि हमारा भी क्रेडिट मत नेशनल फ्रंट वाले, यह हमारे मेनिफ़ेस्टो में भी था । हम भी यह कहना चाहते थे ।

लेकिन सवाल यह है कि अगर आपके मैनिफेस्टो में था तो उसका आपोजिशन क्यों हो रहा है ? क्यों इतना शोरशराबा हो रहा है ? यह हाउस एल्डर्स का है और * (व्यवधान)

' SHRI S. S. AHLUWALIA: He is casting aspersions against the Lower House. This is not correct. He should withdraw his words. *(Interruptions)*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. A-BABY). I am taking care of this. Please sit down (Interruptions). That preference should be removed from the record.

SHRI NARBSH C PUGLIA (Maharashtra); He should withdraw this remark.

SHRI RAJUBHAI A PARMAR; He is belittling the dignity of the other House.

SHRI S. S. AHLUWALIA: He . should withdraw his words. (Interruptions).

. THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. A. BABY): You please sit down. (Interruptions). The Chair is on his legs. You please sit down.

SHRI S. S. AHLUWALIA: In this House there is nobody to protect the interest of the other House.

, THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. A. BABY); 3*fft STT? ^t TO Hf?T

$ | *mv* *TPT ite ^rrar...

/sifJRiH*) I hope the hon. Member Will withdraw his words. *(Interruptions)* Please give him the chance to withdraw his words. *(Interruptions)*

SHRI MOHINDER SINGH LATHER-. This House is known as the House Of Elders.

SHRl S. S. " AHLUWALIA: Where is it written? Can you show me where it is written? *(Interruptions)*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. A. BABY): Let there be deeorum in the Howse. (Interruptions)

•Expunged as ordered on the Chair.

SHRI RAJUBHAI A. PARMAR: He is threatening us: *(Interruptions)*

श्री महेन्द्र सिंह लाठर : श्रीमन, मैं । अपनी बात साफ तौर पर नहीं कह सका मैं यह कहने जा रहा था कि यह हाउस एल्डर्स का हाउस है, इसमें कोई गलती नहीं होगी . . .

SHRI S. S. AHLUWALIA: No, he should withdraw his words.

श्री पी० शिवशंकर : आपने जो बात कही है यह हाउस आफ ऐल्डर्स है, यह सही है लेकिन * जो कहा वह मुनासिब नहीं है । इसके लिए आप यदि क्षमा मांग लें तो क्षमा मांगने में कोई बुराई नहीं है । . . . (व्यवधान)

डा० रत्नाकर पाण्डेय : आपके फादर इन लां क्या बच्चे हैं ? . . . (व्यवधान)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M.A. BABY): You please sit down. Your point has been understood.

श्री महेन्द्र सिंह लाठर : मैं कहने जा रहा था कि जैसे हमारे लीडर आफ अपोजिशन हैं, बहुत सीनियर मेम्बर हैं लेकिन आपके जो नेता दूसरे हाउस में हैं वह आपसे यंगर हैं । मैं उस सेन्स में वह बात मैं कह रहा था । . . . (व्यवधान)

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिय :* वह शब्द वापस लीजिए : . . (व्यवधान)

डा० रत्नाकर पाण्डेय : लीडर आफ आपोजिशन जो वहां है वह मानवता के नेता हैं विश्व के नेता हैं, राजीव गांधी जी . . . (व्यवधान)

श्री पी० शिवशंकर : वह बात नहीं कहें तो क्या बराबर हैं ? अगर आप क्षमा मांगेंगे तो आपकी आस्था कम हो जाएगी ? उस हाउस की गरिमा रखिए, आप उनको * मत कहिए । अगर आप क्षमा मांगेंगे तो उस हाउस के लोग आपके ऋणी रहेंगे ।

श्री महेन्द्र सिंह लाठर : मैं क्षमा मांगने के लिए सौ दफा तैयार हूं मैं जो अपना भाव बता रहा था नहीं बता सका । थे यह कहने जा रह था. . . (व्यवधान)

SHRI P. SHIV SHANKER: May I request you to expunge that word?

SHRI S. S. AHLUWALIA: There is nobody in this House to take care of the prestige of the other House.

THE VTCE-CHAIRMAN (SHRI M. A. BABY): The tradition of our House is that we never cast any aspersion...

SHRI MOHINDER SINGH LATHER: I withdraw. मैं दूसरे हाउस की बात नहीं करूंगा, मैं यह बात आपको स्पष्ट लफ्जों में कहने जा रहा हूं कि आपकी पार्टी की जो यंगर जनरेशन है उन्होंने इस बिल को पास किया, लेकिन यहां पर जो ऐल्डरली लोग बैठते हैं वह इस बिल को अपोज कर रहे हैं. . . (व्यवधान)

SHRI S. JAIPAL REDDY (Andhra Pradesh): It cannot be a House of Elders with Shri AHLUWALIA as a Member °f the House.

SHRI S S. AHLUWALIA: Is is the Council of States. It is not a House of Elders. It is wrong to describe it as such.

श्री महेन्द्र सिंह लाठर : इस बिल को तोड़ मरोड़ कर पेश किया जा रहा था। जितने अच्छे सुझाव आपने दिए, जितने अमेंडमेंट आपने दिए वे सारे के सारे मान लिए गए, यूनैनीमसली इसको वहां पास किया गया है । यहां पर सोच समझकर एक पोलिटिकल लांबी की जिसकी वजह से इतना बड़ा आर्गुमेंट खड़ा किया गया है । मैं अपने काबिल दोस्त शंकर दयाल सिंह जी की राय से सहमत हूं कि एम०पीज० को किसी आफिस से वंचित रखना बेइंसफी होगी और मैं यह भी सोचता हूं कि सारे मेंबर आफ पार्लियामेंट बड़े जिम्मेदार आदमी हैं, उनको अलग थलग कर देना, उनको कंडेम करना कि वे इस काबिल नहीं हैं कि किसी आफिस को होल्ड कर सकें, मैं समझता कि उचित नहीं है । मेरी मंत्री महोदय से दरखवास्त है कि वे इस पर विचार करें ।

महोदय, मैं इस बिल से हटकर एक बात करना चाहूंगा कि अभी काश्मीर के ऊपर एक सीरियल गुल, गुलशन, गुलफाम टी०वी० पर दिखाया जा रहा है । उसके अन्दर काश्मीर की जो तस्वीर पेश की गई है वह अच्छी पेश नहीं की गई है । उसमें शिकारों को समगलिंग के लिए इस्तेमाल करते हुए दिखाया गया है काश्मीर की लड़कियों को स्मगलिंग में शामिल होते हुए दिखाया गया है । मैं समझता हूं कि इस किस्म के सीरियल काश्मीर के बारे में भ्रम पैदा करते हैं । काश्मीर एक नाजुक प्रान्त है, उसको जोड़ने के लिए सीरियल होना चाहिए, तोड़ने के लिए नहीं । उस सीरियल में मुझे यह कहते हुए शक नहीं है कि न उसमें गुल है, न गुलशन है, न गुलफाम है । मैं चाहूंगा कि मंत्री महोदय इसकी जांच करें और देखें कि कोई भी बात किसी प्रान्त को गलत ढंग से पेश करने वाली नहीं होनी चाहिए ।

मैं इस बिल के बारे में अपने कांग्रेस के भाइयों से अपील करूंगा कि इस बिल को आप बहुत खूबसूरती के साथ पास करें, उसका डिस्कशन करें, लेकिन नेशनल इंटरेस्ट के लिए जो बिल पेश किया गया है, बहुत अच्छी नियत से इसको पेश किया गया है, इसलिए इसकी मुखालफत की वजह से मुखालफत न करें ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. A. BABY); The House stands adjourned till 11 a. m. on 5th September, 1980.

The House then adjourned at fifty-nine minutes past eight of the clock, till eleven of the clock on Wednesday, the 5th September, 1990.